दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 28 अप्रैल -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 125 पेज -08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## पीएम मोदी ने गंगटोक में किया रोड शो

## आज देंगे 4,000 करोड़ रुपये से अधिक परियोजनाओं की सौगात



**नई दिल्ली।** दो दिवसीय यात्रा पर सिक्किम पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम को गंगटोक में विशाल रोड शो किया। पीएम राज्य के 50वें स्थापना दिवस समारोह के समापन कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे हैं। पीएम मंगलवार को राज्य को 4,000 करोड़ रुपये से अधिक परियोजनाओं की सौगात देंगे।

लेपचा कोट पहने पीएम मोदी का लिबिंग सैन्य हैलिपैड पहुंचने पर राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर, मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया। हेलिपैड से शुरू हुआ रोडशो लोक भवन पर खत्म हुआ। पीएम रात में यहीं रुकेंगे। खुली गाड़ी में पीएम मोदी के बाईं ओर सीएम तमांग और दाईं ओर राज्य भाजपा अध्यक्ष डी.आर. थापा मौजूद थे।

गांजू द्वार से लोक भवन तक के रास्ते पर लोग पारंपरिक परिधान में नजर आए। लोग राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए प्रधानमंत्री की एक झलक पाने का इंतजार कर रहे थे। लोगों ने हाथ हिलाकर तथा नारे लगाकर प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। पीएम ने भी हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

पीएम मोदी ने मंगलवार को पालजोर स्टेडियम में समापन समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान वह राज्य में चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इन परियोजनाओं में बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, पर्यावरण, पर्यटन और कृषि क्षेत्र से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री की इस यात्रा को राजनीतिक और विकास दोनों ही दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मंगलवार को पीएम मोदी गंगटोक स्थित ऑर्किडेरियम का दौरा करेंगे। राज्य की पारिस्थितिकी और पुष्प विरासत को प्रदर्शित करने के लिए सिक्किम राज्य स्थापना की स्वर्ण जयंती पर एक विश्व स्तरीय ऑर्किड अनुभव केंद्र के रूप में 'स्वर्ण जयंती मैत्री मंजरी पार्कह्व विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री पालजोर स्टेडियम में सिक्किम राज्य की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने से जुड़े समारोह के समापन कार्यक्रम में भाग लेने के साथ 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण भी करेंगे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे सभा को संबोधित

जानकारी के मुताबिक, ये परियोजनाएं अवसंरचना, संपर्क, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली, शहरी विकास, पर्यावरण, पर्यटन और कृषि सहित कई क्षेत्रों को कवर करती हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा को संबोधित भी करेंगे। पिछले साल राज्य के रूप में सिक्किम के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित वार्षिक समारोह के उद्घाटन समारोह में उन्हें उपस्थित होना था, लेकिन खराब मौसम के कारण वे कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच सके थे। हालांकि, उन्होंने पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभा को संबोधित किया था।

## हाईटेक कविनगर थाने का पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड-विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया उद्घाटन

## सीपी बोले सम्मानजनक व्यवहार और आधुनिक सुविधाएं हैं प्राथमिकता, जनसहयोग से बना भव्य थाना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को कवि नगर थाना एक नए और आधुनिक स्वरूप में जनता के लिए समर्पित कर दिया गया। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर थाने का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य और थाना प्रभारी अनुराग शर्मा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। तो दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, ललित जयसवाल, संजीव गुप्ता, अतुल जैन, सपा नेता अभिषेक गर्ग, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र मित्तल महेंदी वाले, अजय गुप्ता, एसपी सिंह, सहित अन्य लोग रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान थाना परिसर में स्थापित महारानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। साथ ही आकर्षक फाउंटेन का शुभारंभ कर परिसर की भव्यता को और बढ़ाया गया। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि उनकी प्राथमिकता गाजियाबाद के सभी थानों को आधुनिक, सुविधाजनक और जनहितैषी बनाना है। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को यह महसूस होना चाहिए कि वह एक सुरक्षित और सम्मानजनक स्थान पर आया है, जहां उसकी बात गंभीरता और सम्मान के साथ सुनी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि हाईटेक और सुसज्जित थाने पुलिस की बदलती कार्यशैली और सकारात्मक छवि को दर्शाते हैं। जनसहयोग से तैयार हुआ यह थाना क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व का विषय है।



## डीसीपी धवल जायसवाल ने आये आगंतुकों का किया स्वागत, विशिष्ट लोगों की रही उपस्थिति

### कवि नगर थाना बना आईएसओ सर्टिफाइड

**करंट क्राइम :** कार्यक्रम के दौरान कवि नगर थाने को आईएसओ प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया, जिससे यह अब आईएसओ सर्टिफाइड थाना बन गया है। इसके अलावा थाना खोड़ा और शालीमार गार्डन, साहिबाबाद को भी यह उपलब्धि मिली। पुलिसिंग और निर्माण कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए एसीपी सूर्यबली मौर्य, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना को सम्मानित किया गया।

### स्वागत और सहभोज का हुआ आयोजन

**करंट क्राइम :** उद्घाटन के बाद थाना परिसर में बड़े खाने का आयोजन किया गया। एडीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, जबकि थाना प्रभारी अनुराग शर्मा ने स्वयं अतिथियों को भोजन परोसा। इस दौरान पुलिसकर्मियों, अधिकारियों, पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों ने एक साथ सहभोज कर आपसी समन्वय और सहयोग का संदेश दिया।

### मयंक गोयल, अजीत पाल ने की सीपी मिशन की तारीफ

**करंट क्राइम :** कवि नगर थाने के उद्घाटन अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और मुरादनगर से विधायक अजीत पाल त्यागी ने पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कमिश्नरेट में चल रहे थानों के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण अभियान को एक सकारात्मक पहल बताया। नेताओं ने कहा कि पहले जहां कई थाने और पुलिस कार्यालय जर्जर स्थिति में थे, वहीं अब उनका कायाकल्प हो चुका है और वे दूर से ही आधुनिक व व्यवस्थित नजर आते हैं। इससे न केवल पुलिसकर्मियों का कार्य वातावरण बेहतर हुआ है, बल्कि आम जनता को भी सुविधाजनक माहौल मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कमिश्नर का यह मिशन कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ पुलिस और जनता के बीच भरोसा बढ़ाने का काम कर रहा है। आने वाले समय में ऐसे और सुधारात्मक कदम उठाए जाने की उम्मीद जताई गई। इसके साथ ही कविनगर औद्योगिक क्षेत्र से अरूण शर्मा ने भी पुलिस कमिश्नर जे रविन्दर गौड के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा है कि आज कमिश्नरेट के थाने दूर से ही जगमग नजर आते हैं।

### दूर से चमकता दिखेगा थाना

**करंट क्राइम :** नव-निर्मित कवि नगर थाना अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। आकर्षक लाइटिंग, हरियाली, हाईटेक हवालात, आधुनिक कंट्रोल रूम, एसीपी कार्यालय और सुव्यवस्थित परिसर इसकी विशेषताएं हैं। इसकी भव्यता दूर से ही लोगों को आकर्षित कर रही है और पुलिस कमिश्नरेट की नई छवि को दर्शा रही है इस मौके पर शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ पुलिस कमिश्नरेट के विभिन्न थानों के प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




## क्या 2027 में बदलेंगे सियासत की चुनावी बिसात के चेहरे

## पक्ष से लेकर विपक्ष तक होने जा रही है कई नये चुनावी चेहरों की एंट्री

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वक्त का पहिया बदलता है और वक्त की रफ्तार के साथ सरकार बदल जाती है। वक्त के साथ कोई विपक्ष में बैठ जाता है तो वक्त के साथ कोई सत्ता में आ जाता है। परिवर्तन जीवन का नियम हैं और राजनीति में एक समय के बाद खुद ही चेहरे बदल जाते हैं। गाजियाबाद की राजनीति की बात करें तो यहां तेजी से सियासत का चक्र घूमा है और कई ऐसे चेहरे घर बैठ गये जो इस बात को कहते थे कि यहां के सिकन्दर हम हैं।

कई ऐसे चेहरों पर बहार आ गयी जो पहले बाहर रहते थे। कई ऐसे चेहरे बाहर हो गये जो किसी को भी बाहर करा देने का दम रखते थे। राजनीति में तेजी से परिवर्तन आया है और अब अगर राजनीतिक माहौल की नब्ज भांपे तो तेजी से चेहरे बदल रहे हैं। माना ये जा रहा है कि वर्ष 2027 में नये चुनावी चेहरों की एंट्री होगी। ये चेहरे सत्ताधारी दल से भी हो सकते हैं और ये चेहरे विपक्ष के भी हो सकते हैं। ये चेहरे विधानसभा के भी हो सकते हैं, ये चेहरे लोकसभा के भी हो सकते हैं। ये चेहरे निगम के भी हो सकते हैं और ये चेहरे नगर पालिका के भी हो सकते हैं।



### राजनाथ सिंह से लेकर अतुल गर्ग तक हो गये कई चेहरे क्लीन स्वीप

**करंट क्राइम।** भाजपा की राजनीति को देखें तो यहां भाजपा का लोकसभाई वर्चस्व उस समय टूटा जब विधायक सुरेन्द्र गोयल ने भाजपा के रमेश चंद तोमर को लोकसभा चुनाव में हराकर जीत हांसिल की। इसके बाद बड़ा परिवर्तन और बिग एंट्री राजनाथ सिंह के रूप में हुई राजनाथ सिंह जब गाजियाबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए आये तो वो भााजपा का सबसे बड़ा चेहरा थे। तब ना नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे और राजनाथ सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उन्होंने कांग्रेस के सुरेन्द्र गोयल को चुनाव हराया और फिर इसके बाद सुरेन्द्र गोयल दो बार विधानसभा का चुनाव हारे। राजनाथ सिंह वर्ष 2014 में लखनऊ सीट से चुनाव लड़ने के लिए गये और यहां सभी नामों को दरकिनार करते हुए भाजपा संगठन ने बिल्कुल नये चेहरे के रूप में जनरल वीके सिंह को उतार दिया। वीके सिंह जबरदस्त जीत हांसिल करते हुए सांसद बने। इसके बाद वो दोबारा चुनाव लड़े और 5.50 लाख वोटों से चुनाव जीते। ये 15 साल का वो काल था जिसमें भाजपा के कई दावेदार राजनीतिक वनवास को प्राप्त हो गये। इसके बाद वर्ष 2024 में यहां वो टिकट कटा जिसकी उम्मीद नहीं लगाई जा सकती थी। यहां से भाजपा से जनरल वीके सिंह का टिकट रिपीट नहींकिया और शहर विधायक अतुल गर्ग को लोकसभा का टिकट मिला और वो 3 लाख 30 हजार वोटों से चुनाव जीते। अब 2029 का सीन बाकी है।

### नरेन्द्र कश्यप से लेकर संजीव शर्मा के बाद कौन नया चेहरा

करंट क्राइम। भाजपा की बात करें तो यहां शहर विधायक के रूप में संजीव शर्मा विधानसभा उपचुनाव जीते हैं। लोकप्रिय नेता माने जाते हैं। लगातार दो बार अध्यक्ष रहे हैं। पहली बार विधायक बने हैं। नरेन्द्र कश्यप एक ऐसा चेहरा हैं जिन्होंने अपनी मेहनत से भाजपा नेतृत्व को प्रभावित किया। एक ऐसे नेता जो मंत्री पहले बने और एमएलसी बाद में बनाये गये। पहली बार में विधायक और पहली बार में मंत्री वाले सीन में अब किस नये चेहरे की एंट्री होगी ये समय बतायेगा लेकिन ये तय है कि कई नये खिलाड़ी टीम में आने के लिए लगातार प्रैक्टिस कर रहे हैं।

### जाट गुर्जर वैश्य ब्राह्मण त्यागी फैक्टर पर आयेंगे कौन से नये चेहरे

करंट क्राइम। राजनीति में नये प्रयोग चल रहे हैं। भाजपा की बात करें तो यहां कई दावेदार अब सन्यास गति को प्राप्त हो चुके हैं। नये चेहरे प्रभावित कर रहे हैं। मोदीनगर का महिला जाट चेहरा अब गाजियाबाद शहर की तरफ भी आ सकता है। यहां महिला जाट नेता पूरे तेवरों के साथ विधानसभा वाले फ्रेम में है। वैश्य चेहरों की बात करें तो यहां व्यापारी वर्ग से लेकर प्रतिष्ठित परिवारों के दावेदार हैं। इसी तरह गुर्जर राजनीति में भी नये चेहरे आ रहे हैं। और त्यागी समाज से भी दावेदारी की आवाज आने लगी।

### भाजपा करेगी कोई नया प्रयोग या फिर रहेगा इन्हीं चेहरों का योग

करंट क्राइम। दावा सभी का रहता है और कामभी सभी करते हैं लेकिन ये पार्टी हाईकमान है वो चाहे जिसे टिकट से नवाज दे और चाहे तो किसी नये चेहरे की चुनावी तकदीर संवार दे। लोकसभा की बात करें तो यहां सिटिंग को सिट कराकर नये चेहरे को स्टैन्ड दिया गया था। अतुल गर्ग ने सांसद के रूप में काफी प्रभावित करने वाली पारी खेली है और खेल रहे हैं। मोदीनगर में क्या पार्टी परिवर्तन करेगी। इसी तरह अन्य सीटों को लेकर भी सवाल उठता है। पुराने भाजपाई कहते हैं कि अब नयी हवा की नयी भाजपा है और यहां कुछ भी हो सकता है। रोचक बात ये है कि यहां पार्टी के फैसले चौंकाने वाले होते हैं। सूत्र बताते हैं कि जब 2022 में भाजपा ने कोई सर्वे कराया था और सर्वे की रिपोर्ट में कई सिटिंग में खोट बताये गये थे। भाजपा ने सर्वे को एक साईड किया और सारे चेहरे रिपीट कर दिये। आशा से भी ज्यादा सफलता मिली और सर्वे रिपोर्ट गलत साबित हो गयी। सभी चेहरे जीत गये। ऐसे में 2027 में क्या भाजपा कोई नया प्रयोग करेगी, किसी विधानसभा में फेरबदल करेगी। यह अभी भविष्य के गर्भ में छिपा है। लेकिन भाजपा में नये चेहरे तैयार हो रहे हैं और वो संगठन से लेकर सरकार तक दावेदारी करेंगे।

### अभिषेक गर्ग, सिकन्दर यादव, पीएन गर्ग के बाद कौन होंगे नये फेस

करंट क्राइम। विपक्ष की बात करें तो यहां कुछ चेहरों ने पहली बार में कुछ खास नहीं किया। हालाकि यहां पर मजबूत तर्क ये भी है कि ये चेहरे खुद मैदान में नहीं थे और सीट महिला आरक्षित थी। लिहाजा फेस का उतना लाभ नहीं मिला। इन चेहरों में अभिषेक गर्ग, सिकन्दर यादव और पीएन गर्ग हैं। दावेदारी की बात करें और जनता के बीच भागीदारी की बात करें तो यहां अभिषेक गर्ग नम्बर वन चल रहे हैं। पार्टी के कार्यक्रमों में एक्टिव हैं। होर्डिंग बैनर के साथ विधानसभा वाली दस्तक दे रहे हैं। सिकन्दर यादव मेयर चुनाव के बाद अब सियासत का कोई कदम बड़ी केयर से रख रहे हैं। अन्य चेहरों में सिंहराज, सुशांत गोयल, बिजेन्द्र यादव से लेकर डॉली शर्मा तक फिलहाल पब्लिक मुद्दों से दूर हैं। इन दलों में कौन सी नयी एंट्री होगी ये देखना रोचक रहेगा। फिलहाल सियासत अपना ताना बाना बुन रही है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
02 | मंगलवार • 28 अप्रैल -2026





# भीषण गर्मी और लू का कहर, कई राज्यों में हालात बेहाल

## दिल्ली-एनसीआर में 44 डिग्री तक पारा, राजस्थान-मध्य प्रदेश में रेड अलर्ट, जल्द मिल सकती है गर्मी से राहत



**नई दिल्ली।** भारत के कई राज्य इस समय भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। पारा लगातार ऊपर जा रहा है और लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सबसे बुरा हाल राजस्थान, मध्य प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर का है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया है कि 27 अप्रैल के बाद उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। यहां न सिर्फ भयानक गर्मी है, बल्कि खराब और जहरीली हवा ने भी लोगों का दम घोंट रखा है। 27 अप्रैल को दिल्ली-एनसीआर में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। दिन भर तेज गर्म हवाएं (लू) चलेंगी, जिससे दोपहर में बाहर निकलना खतरनाक हो सकता है। वायु गुणवत्ता (अदक) भी 'बहुत खराब' श्रेणी में है। गाजियाबाद के लोनी में एक्यूआई 353 तक पहुंच गया है। हीट वेव और खराब हवा मिलकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के स्वास्थ्य को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### मध्य प्रदेश में कैसा है भयंकर गर्मी और बारिश का डबल अटैक?

मध्य प्रदेश का मौसम इस समय बड़ा अजीब हो गया है। प्रदेश में एक तरफ भयंकर गर्मी पड़ रही है, तो दूसरी तरफ आंधी-तूफान का सख्त अलर्ट भी जारी किया गया है। खजुराहो और रतलाम जैसे शहरों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। राजधानी भोपाल में भी इस हफ्ते रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और खतरनाक लू दर्ज की गई है। लेकिन चक्रवाती सिस्टम के कारण 27 से 30 अप्रैल तक भोपाल, ग्वालियर समेत 30 से ज्यादा जिलों में बारिश का अलर्ट है। इस दौरान तेज गरज-चमक के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलेंगी।

### एमपी में स्कूलों को लेकर क्या हुआ बड़ा फैसला?

लगातार बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। इसके साथ ही किसानों और आम जनता के लिए भी जरूरी गाइडलाइन जारी की गई है।

भीषण गर्मी को देखते हुए नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए 30 अप्रैल तक स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। इंदौर और उज्जैन में लोगों को गर्म रातों के लिए पहले से ही तैयार रहने को कहा गया है।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे दोपहर 12 से 3 बजे के बीच तेज धूप में घर से बाहर न निकलें। किसानों को खेतों में हल्की सिंचाई करने और जानवरों को छायादार जगह में रखने की सलाह दी गई है।

## लू और प्रदूषण से बढ़ी परेशानी, कई राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

### पूर्वोत्तर भारत और बंगाल में मौसम विभाग का क्या है नया अलर्ट?

सिर्फ उत्तर भारत ही नहीं, बल्कि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के लिए भी मौसम विभाग ने गंभीर चेतावनी जारी की है। यहां तेज बारिश और तूफान की भारी आशंका जताई गई है। उत्तर प्रदेश का मौसम ज्यादातर धूप वाला है। सोमवार का अधिकतम तापमान 42°C और न्यूनतम तापमान 27त्ड रहने का अनुमान है।

### दिल्ली-एनसीआर में कब होगी झमाझम बारिश?

- चिलचिलाती धूप और लू से परेशान दिल्लीवालों के लिए 28 अप्रैल से मौसम में बदलाव के साफ संकेत हैं। मौसम विभाग ने बारिश और गरज-चमक की बड़ी संभावना जताई है।
- 28 अप्रैल को तापमान गिरकर 41 डिग्री तक आ सकता है और साथ ही हल्की बारिश हो सकती है।
- 29 और 30 अप्रैल को भी आसमान में बादल छाए रहेंगे और मौसम थोड़ा सुहाना रहेगा।
- इस दौरान 30 अप्रैल को अधिकतम तापमान गिरकर 38 डिग्री तक आने की पूरी उम्मीद है।
- 1 और 2 मई को आसमान साफ रहेगा, लेकिन गर्मी नियंत्रण में रहेगी और तापमान 40 डिग्री के आसपास रहेगा।

### पूरे देश में झुलसाने वाला तापमान कब से गिरना शुरू होगा?

उत्तर-पश्चिम भारत में 28 अप्रैल से 1 मई के बीच तापमान में 3-5 डिग्री की कमी आएगी। मध्य भारत में 29 अप्रैल से तापमान 2-3 डिग्री गिरेगा, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पूर्वी भारत में भी 30 अप्रैल तक पारे में 3 से 5 डिग्री की भारी गिरावट होने की पूरी उम्मीद है। गुजरात और महाराष्ट्र में भी महीने के अंत तक तापमान धीरे-धीरे कम होना शुरू हो जाएगा।

# दिल्ली के चार स्कूलों को बम की धमकी

## एक आर्मी तो एक सीआरपीएफ का स्कूल भी शामिल

**नई दिल्ली।** एहतियात के तौर पर तलाशी के दौरान छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। दिल्ली में सोमवार को चार स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। इन धमकियों से स्कूलों में दहशत फैल गई। हालांकि, बाद में दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने इसे फर्जी बताया। अधिकारी के अनुसार, अलर्ट मिलते ही तुरंत दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। स्थानीय पुलिस और स्कूल अधिकारियों के साथ मिलकर तलाशी और निकासी अभियान चलाया गया।

टीमों ने परिसरों की गहन जांच की। किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। सभी धमकियों को फर्जी घोषित कर दिया गया है। जिन स्कूलों को बम की धमकी मिली, उनमें धौला कुआं, दिल्ली कैंट और शंकर विहार स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल शामिल हैं। इनके अलावा द्वारका सेक्टर 14 स्थित सीआरपीएफ स्कूल भी शामिल था। अधिकारियों ने बताया कि मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। इस दौरान छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

सुरक्षा उपाय और जांच एहतियात के तौर पर तलाशी के दौरान छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला




गया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। पुलिस और अन्य एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। इस तरह की धमकियों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

### ईमेल के स्रोत की तलाश

अधिकारियों ने आगे कहा कि ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। साइबर सेल की टीमें इन ईमेल के पीछे के लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इन धमकियों के पीछे किसका हाथ है। ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बंगाल रवाना होने से पहले सीएम योगी ने निभाया जनसेवा का वादा

## बोले- अब नहीं चलेगी हीलाहवाली

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में प्रदेशभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तय समय सीमा में समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही नहीं चलेगी। बच्चों को चॉकलेट देकर दुलार भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार के लिए रवाना हुए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प. बंगाल रवाना होने से पहले जनसेवा का संकल्प भी पूरा किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों की पीड़ा सुनी और अधिकारियों को संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया।



**संवेदनशील होकर समस्याओं का कराएं समाधान :** मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में आए सभी फरियादियों से मुलाकात की। एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को समय सीमा के भीतर समाधान कराने को कहा। राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समयसीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करके पीड़ित को सूचित करना होगा।

अपने जनपद में अधिकारियों से मिलें, बेतहाशा गर्मी में न हों परेशान

'जनता दर्शन' में आए कुछ फरियादियों से मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या जनपद में किसी अधिकारी से मिलकर आपने समस्या बताई? पता चला-नहीं, इस पर मुख्यमंत्री ने फरियादियों से कहा कि बेतहाशा गर्मी में आप परेशान न हों। पहले अपने जनपद में तैनात अधिकारियों से पीड़ा बताएं। हर हाल में सुनवाई होगी और समस्या का यथोचित समाधान भी। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि धूप-गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### बच्चों को किया दुलार, चॉकलेट भी दी

मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में परिजनों के साथ आए बच्चों पर अपना स्नेह लुटाया। उन्हें चॉकलेट के साथ आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने मां की गोद में बैठे बच्चों से पूछा-चॉकलेट चाहिए तो एक बच्चे ने मुस्कुराकर अभिव्यक्ति दी, इस पर मुख्यमंत्री ने उसे चॉकलेट दी। चॉकलेट पाकर बच्चा खिलखिला उठा।

# टीएमसी सांसद मिताली बाग की कार पर हमला: भाजपा पर लाठी-डंडे चलाने और गुंडागर्दी का आरोप, सांसद-ड्राइवर को आई चोट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन राजनीतिक माहौल और गर्म हो गया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हिंसा और गुंडागर्दी के गंभीर आरोप लगाए हैं। सांसद मिताली बाग ने भी फेसबुक लाइव के दौरान दावा किया कि अरामबाग में उनके चुनाव प्रचार के दौरान उनकी कार पर हमला किया गया। फेसबुक लाइव वीडियो में मिताली बाग ने कहा कि प्रचार के दौरान उनकी गाड़ी को निशाना बनाया गया।



उन्होंने कहा कि हमले में लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया गया और इसके पीछे भाजपा कार्यकर्ताओं का हाथ बताया जा रहा है। इस घटना में सांसद और उनके ड्राइवर को चोटें आई हैं।

### बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप

टीएमसी ने अपने बयान में कहा कि भाजपा चुनावी हार के डर से हिंसा का रास्ता अपना रही है। पार्टी के मुताबिक, राजनीतिक रणनीति के बजाय भाजपा 'हिंसा, डराने-धमकाने और गुंडागर्दी' पर उतर आई है। तृणमूल कांग्रेस ने यह भी कहा कि अगर बिना सत्ता के भाजपा इस तरह के कदम उठा सकती है, तो सत्ता मिलने पर स्थिति और गंभीर हो सकती है। पार्टी ने मतदाताओं से अपील करते हुए भाजपा को पूरी तरह रोकने की बात कही है।

### सांसद की कार में तोड़फोड़ का आरोप

टीएमसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आरोप लगाया कि पार्टी की सांसद मिताली बाग की कार पर हमला किया गया। टीएमसी का कहना है कि मिताली बाग पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी की रैली में शामिल होने के लिए जा रही थीं, तभी उनके काफिले को निशाना बनाया गया। पार्टी के अनुसार इस हमले में उनकी कार को नुकसान पहुंचा और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।
बताया गया कि गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए और उसे नुकसान पहुंचाया गया। पार्टी ने इसे एक निर्वाचित प्रतिनिधि, खासकर अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाली महिला सांसद पर कायरतापूर्ण हमला बताया। पार्टी का दावा है कि उसके सांसद पर हमला किया गया और उनकी गाड़ी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया गया।

# डीजीपी सिद्ध नाथ का कार्यकाल छह माह बढ़ा

## गृह मंत्री बोले- केंद्रीय बल चुनाव बाद सात दिन और रुकेंगे

**कोलकाता।** केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और महानिरीक्षक (आईजीपी) सिद्ध नाथ गुप्ता की सेवा को उनकी तय सेवानिवृत्ति तारीख 30 अप्रैल के बाद छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई।

सिद्ध नाथ गुप्ता भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1992 बैच के अधिकारी हैं। उन्हें चुनाव आयोग ने 16 मार्च को राज्य का डीजी और आईजीपी नियुक्त किया था।

यह नियुक्ति मौजूदा अधिकारी पीयूष पांडे को हटाने के एक दिन बाद की गई थी। सिद्ध नाथ गुप्ता 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले थे। चुनाव आयोग ने कहा था कि अधिकारियों को हटाने का फैसला राज्य में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के बाद लिया गया था। सोमवार को जारी आदेश में कहा गया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत सार्वजनिक हित में नियमों में ढील देकर सिद्ध नाथ गुप्ता की सेवा 30 अप्रैल 2026 के बाद छह महीने के लिए बढ़ाई गई है।

राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हो चुका है। दूसरे और अंतिम चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा। मतगणना चार मई को की जाएगी।



### चुनाव के बाद एक हफ्ते तक रहेगी केंद्रीय बलों की तैनाती: अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न होने के बाद भी राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती कम से कम सात दिनों तक जारी रहेगी, चाहे भाजपा सत्ता में आए या नहीं। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोग बिना किसी डर और दबाव के मतदान करें। शाह ने भरोसा दिलाया कि केंद्रीय बल चुनाव प्रक्रिया के दौरान और उसके बाद भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौजूद रहेंगे।

# गाजीपुर कांड को लेकर अखिलेश ने योगी सरकार पर साधा निशाना

## बोले- प्रदेश में कहीं भी महिलाएं सुरक्षित नहीं

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजीपुर कांड को लेकर प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साधा। वहीं, राजनीति में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के मामले में कहा कि केंद्र सरकार को इसे तत्काल लागू करना चाहिए।



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजीपुर में एक नाबालिग लड़की की मौत मामले पर कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था खराब है और कहीं भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़िता के परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाएगी।

वहीं, महिलाओं को राजनीति में 33 फीसदी आरक्षण देने के मामले पर उन्होंने कहा कि महिलाओं को आरक्षण देने का बिल तो संसद में कबका पास हो चुका है। सरकार को तत्काल इसे लागू कर देना चाहिए लेकिन मोदी सरकार खुद महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है।

गाजीपुर मामले पर यूपी सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा था कि सपा के लोग माहौल खराब करने के लिए गाजीपुर जा रहे हैं। वहां पर सपा के 15 लोगों को जाने की अनुमति दी गई थी पर 250 लोग पहुंच गए। वहीं, कांग्रेस का भी एक प्रतिनिधिमंडल गाजीपुर जाएगा और मामले की रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपेगा।

# बाप-बेटी का रिश्ता हुआ तार-तार: पिता पर 15 साल की बेटी की हत्या का आरोप

## पीड़ित मां ने लगाए संगीन आरोप

**पटियाला।** पिछले 3 साल से पति-पत्नी के बीच चल रहे झगड़े के कारण दोनों अलग रह रहे थे। मां अपने बेटे के साथ अलग रह रही थी, जबकि 15 वर्षीय बेटी अपने पिता के साथ रह रही थी। मानवीय रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण मामला थाना खेड़ी गंडिया के अधीन आने वाले गांव में सामने आया है। यहां एक पिता ने अपनी 15 साल की बेटी की हत्या कर दी। पिता ने अपने ससुराल और मृतका की मां को बिना सूचना दिए



नाबालिग का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक लड़की की ने 10वीं कक्षा की परीक्षाएं दी थीं।

मां की शिकायत ने खोले गहरे राज

पुलिस को दी गई शिकायत में मृतक की मां ने बताया कि उसका विवाह साल 2009 में हुआ था। पिछले 3 साल से पति-पत्नी के बीच चल रहे झगड़े के कारण दोनों अलग रह रहे थे। मां अपने बेटे के साथ अलग रह रही थी, जबकि 15 वर्षीय बेटी अपने पिता के साथ रह रही थी। पत्नी ने आरोप लगाया कि उसका पति उसे धमकाता था कि अगर वह वापस नहीं आई।

### साजिश के तहत हत्या और जल्दबाजी में संस्कार

मृतक की मां ने कहा बीते रोज 26 अप्रैल को उसे सूचना मिली कि उसके ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर 15 साल की बेटी की चुन्नी से फंदा लगाकर हत्या कर दी। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने पुलिस या मायके पक्ष को सूचित किए बिना ही शव को श्मशान घाट ले जाकर अग्नि के हवाले कर दिया। हालांकि, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर किसी ने सूचना दी, लेकिन जब तक पुलिस पार्टी मौके पर पहुंचती तब तक नाबालिग की देह पूरी तरह जल चुकी थी।

### गलत काम होने का शक

पीड़ित मां ने प्रशासन के सामने बड़े सवाल खड़े किए हैं। उसने आरोप लगाया कि उसकी बेटी के साथ हत्या से पहले कोई गलत हरकत की गई हो सकती है, जिसे छिपाने के लिए आरोपियों ने इतनी जल्दबाजी में अंतिम संस्कार किया। मां ने कहा, मेरी बेटी पढ़ाई में बहुत होशियार थी, उसका क्या कसूर था? मैं तब तक शांत नहीं बैठूंगी जब तक इस कलयुगी पिता को सख्त सजा नहीं मिल जाती।

# केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री से मिले सीएम धामी

## चारधाम यात्रा में एलपीजी आपूर्ति बनाए रखने का किया अनुरोध

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री से चारधाम यात्रा के निर्बाध, सुरक्षित एवं सुचारू संचालन हेतु व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को 100 प्रतिशत बनाए रखने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भेंट की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों व आपदाजन्य संवेदनशीलता के दृष्टिगत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।



मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा के निर्बाध, सुरक्षित एवं सुचारू संचालन हेतु व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को 100 प्रतिशत बनाए रखने का अनुरोध किया। उन्होंने अवगत कराया कि राज्य में अप्रैल से नवंबर तक संचालित होने वाली चारधाम यात्रा के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होता है, जिससे व्यावसायिक एलपीजी की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इस अवधि में राज्य को लगभग 9,67,949 व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आवश्यकता होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जून से सितंबर के मध्य मानसून अवधि में राज्य को प्रतिवर्ष प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है। पर्वतीय भू-भाग एवं दुर्गम परिस्थितियों के कारण आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों में एलपीजी गैस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने व्यावसायिक सिलेंडरों का अतिरिक्त 5 प्रतिशत (लगभग 48,397 सिलेंडर) आवंटन सुनिश्चित किए जाने का अनुरोध किया, ताकि राहत एवं बचाव कार्यों का प्रभावी एवं त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

# मेरठ जैसा हत्याकांड: इस बार ड्रम नहीं, सीमेंट से भरे बक्से में छिपाई गई लाश

**सूरत।** गुजरात के सूरत से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर हर इंसान की रूह कांप जाएगी। यहां एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की हत्या की। उसके बाद उसने शव को एक लकड़ी के बक्से में छिपाकर उसमें सीमेंट भर दिया। फिर पुलिस को गुमराह करने के लिए गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज कराई।

आरोपी की पहचान विशाल साल्वी (40 वर्षीय) के रूप में हुई है। उसने पुलिस को बताया था कि उसकी पत्नी शिल्पा साल्वे (39 वर्षीय) पेशे से डाइटिशियन हैं और चार दिन पहले लापता हो गई हैं। इसके बाद पुलिस ने सामान्य गुमशुदगी की जांच शुरू की। लेकिन जांच के शुरूआती चरण में मामला अचानक बदल गया।




### जांच की दिशा कैसे बदली?

दंपति के घर से एक हाथ से लिखा नोट मिला। इस नोट को कथित पर विशाल ने ही लिखा था। यह नोट उनके नाबालिग बेटे को मिला और उसने इसे पुलिस को दे दिया। नोट में लिखा था कि उसने बहुत बड़ी गलती की है। शिल्पा अब जीवित नहीं हैं।

इसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी के मामले को हत्या के शक में बदल दिया। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी से जुड़ी एक और पुरानी व खाली पड़ी संपत्ति का पता चला। यह संपत्ति सलाबतपुरा थाना क्षेत्र में है। जब पुलिस ने उस बंद घर को खोला तो कमरे के एक कोने में रखे लकड़ी के बक्से से तेज बदबू आ रही थी।

**बक्से में मिला :** पुलिस को बक्से के अंदर महिला का सड़ा-गला शव मिला। इसे कच्चे सीमेंट से ढककर छिपाया गया था। शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि हत्या गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने से चार से पांच दिन पहले की गई थी।

**पुलिस ने कहा:** वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कनन देसाई ने बताया कि जांच गुमशुदगी की शिकायत से शुरू हुई थी। लेकिन हाथ से लिखा नोट मिलने के बाद मामले की दिशा बदल गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

फोरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने में लगी है, ताकि मौत के सही कारण का पता लगाया जा सके।

### हत्या की वजह क्या है?

शुरूआती जांच में सामने आया कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था।
आरोपी को अपनी पत्नी के किसी अन्य संबंध पर शक था।
इसी शक को हत्या की संभावित वजह माना जा रहा है।
आरोपी फिलहाल फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है
सीसीटीवी फुटेज और अन्य जानकारी के आधार पर तलाश जारी है

# तेज रफ्तार बस का कहर, महिला को 30 फीट तक घसीटकर मौत

## पहिए में चिपक गया शव, जैक की मदद से निकाले गए शरीर के टुकड़े

**मुरैना।** मुरैना के जौरा रोड बैरियर पर तेज रफ्तार बस ने 40 वर्षीय महिला कमला बघेल को कुचल दिया। घटना के बाद चालक ने महिला को करीब 30 फीट तक घसीटा और फरार हो गया। सोमवार सुबह मुरैना के जौरा रोड स्थित बैरियर चौराहे पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जौरा से मुरैना आ रही यात्री बस (एमपी 06 पी 1655) ने सड़क पार कर रही 40 वर्षीय महिला कमला बघेल को कुचल दिया। टक्कर के बाद महिला बस के अगले टायर में फंस गई, लेकिन चालक ने बस रोकने के बजाय करीब 30 फीट तक उसे घसीट दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 10:15 बजे बरी पुरा निवासी कमला बघेल अपनी साथी सुनीता के साथ सड़क पार कर रही थीं। तभी तेज रफ्तार बस ने उन्हें चपेट में ले लिया। आसपास के लोग और सुनीता लगातार चिल्लाते रहे, लेकिन चालक ने बस नहीं रोकी। बाद में बस रुकते ही चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बस के नीचे फंसे शव को निकालने के लिए पुलिस ने जैक की मदद से बस उठाई और काफी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

### रफ्तार बनी मौत, बस की टक्कर से महिला की दर्दनाक मौत

### क्या बोले थाना प्रभारी?

थाना प्रभारी टीआई उदयभान यादव ने बताया कि बस को जब्त कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। बस मालिक से पूछताछ की जा रही है तथा वाहन के परमिट, फिटनेस और चालक के लाइसेंस की जांच भी की जा रही है। मृतका के पति उत्तम बघेल मजदूरी करते हैं और उनके दो छोटे बच्चे हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपी चालक की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### क्या बोले स्थानीय लोग?

स्थानीय लोगों का कहना है कि जौरा रोड पर बसें अक्सर तेज रफ्तार में चलती हैं। चौराहे पर न तो स्पीड ब्रेकर है और न ही ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था, जिसके चलते आए दिन हादसे होते रहते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 28 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Pradeep Chauhan Valmiki
13m ·
उत्तर प्रदेश पुलिस फिरोजाबाद कि दीक्षांत परेड समारोह में अपने छोटे बेटे अमन चौहान से दूसरा प्यार भरा सेल्यूट प्राप्त हुआ काश वह मेरे साथ होती तो कितना खुश होती उनकी इच्छा थी उसको खाकी वर्दी में देखना आंख भर आई थी मेरी
#dharampalshingh #pankajchudhry #SanjeevSharma #sunilsharmamla #AsimArun #AtulGarg #satendarsisodiya #deveskori #BrijeshPathak #ajitpal MYogiAdityanath



# नगर निगम सदन बना अखाड़ा, राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारों के बीच मेयर-पार्षद में तीखी टकराहट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद का सदन सोमवार को विकास और जनहित के मुद्दों से भटककर पूरी तरह सियासी अखाड़े में तब्दील हो गया।

बैठक की शुरूआत से ही माहौल तनावपूर्ण था, जो कुछ ही देर में हंगामे, नारेबाजी और व्यक्तिगत आरोपों तक जा पहुंचा। हालात ऐसे बने कि कार्रवाई कई बार बाधित हुई और अनुशासन पूरी तरह तार-तार होता नजर आया। बैठक के दौरान पार्षद शीतल चौधरी द्वारा राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए गए, जिसने सदन की गरिमा पर सीधा सवाल खड़ा कर दिया। तो सत्ता पक्ष के भाजपा पार्षदों ने हाथ उठाकर नारी वदंन अभिनंदन बिल को समर्थन दिया, जबकि विपक्षी पार्षदों ने इसे लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। इसी मुद्दे पर सत्ता और विपक्ष आमने-सामने आ गए और बहस ने तीखा रूप ले लिया। वहीं खास बात यह भी देखने को मिली की भाजपा वाले अपने ही दल वालों से लड़ते हुए नजर आए।

## जमीन पर बैठे पार्षद, तो गरमाया माहौल





## मेयर बनाम पार्षद, मयार्दा भूले जनप्रतिनिधि



**करंट क्राइम :** हंगामे के केंद्र में मेयर और पार्षद राजीव शर्मा के बीच हुई तीखी जुबानी जंग के दौरान बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों ने एक-दूसरे पर व्यक्तिगत टिप्पणी कर दी। बताया जा रहा है कि पार्षद प्रवीण चौधरी ने नामित पार्षदों के परिचय कार्यक्रम कराने पर जोर दिया तो बात बिगड़ गई। इस पर पार्षद राजीव शर्मा ने कहा कि निगम एक्ट के अनुसार चलेगा, आपके हिसाब से नहीं। इस पर महापौर ने कहा विषय से मत भटकाओ, मामला बढ़ गया, जिस पर मेयर ने पलटवार करते हुए कहा, बकवास मत करो। जवाब में राजीव शर्मा ने फिर दोहराया, तुम मेयर बनने लायक नहीं हो। इस तीखी बहस ने पूरे सदन को स्तब्ध कर दिया और माहौल और ज्यादा गरमा गया।

## जमीन पर बैठे पार्षद राजीव शर्मा, बढ़ा विरोध और ड्रामा

**करंट क्राइम :** इस पूरे विवाद के बीच पार्षद राजीव शर्मा ने मेयर के सामने ही जमीन पर बैठ गए और विरोध दर्ज कराया। इस घटनाक्रम ने सदन की कार्यवाही को पूरी तरह प्रभावित किया। वहीं सुनील यादव और राजीव की भी बहस हुई। जिसमें अन्य पार्षदों के बीच भी तीखी नोकझोंक देखने को मिली, जिससे स्थिति और ज्यादा बिगड़ती चली गई।



## नामित पार्षदों के परिचय से शुरू हुआ विवाद



**करंट क्राइम :** सूत्रों के अनुसार, बैठक की शुरूआत में ही 10 नामित पार्षदों के परिचय को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। विपक्ष ने प्रक्रिया पर सवाल उठाए, जबकि सत्ता पक्ष ने इसे नियमों के तहत बताया। यहीं विवाद धीरे-धीरे पूरे सदन में टकराव की वजह बन गया।



## उपस्थिति ने भी खड़े किए सवाल

**करंट क्राइम :** महिला आरक्षण जैसे गंभीर विषय पर बुलाए गए पार्षदों की संख्या सीमित रही। तो वहीं सदन की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुल 50 पार्षद भी नहीं थे, तो केवल 18 ही महिलाएं उपस्थित रहीं, जबकि सभी 10 नामित पार्षद मौजूद थे। कई महिला पार्षदों की गैरमौजूदगी भी चर्चा का विषय रही।

## नामित पार्षदों की सदन में हुई एंट्री, पहली पंक्ति में बैठकर दिया राजनीतिक परिचय



**करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम के सदन में सोमवार को नामित पार्षदों ने औपचारिक रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अपने-अपने राजनीतिक व सामाजिक जीवन का परिचय दिया। सदन की कार्यवाही के दौरान सुमन जाटव, ज्योति चौहान, संजय रावत, भागवत गुप्ता, श्याम शर्मा, प्रदीप चौधरी, अंकुश अरोड़ा, सरदार पम्मी, मधुकर त्यागी और सुनील यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

सभी नामित पार्षदों को सदन की प्रथम पंक्ति में बैठाया गया, जिससे उनकी भूमिका और महत्व स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। परिचय के दौरान पार्षदों ने बताया कि वे कब से संघ, भारतीय जनता पार्टी और अन्य सामाजिक एवं क्षेत्रीय गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। कई पार्षदों ने अपने लंबे संगठनात्मक अनुभव और जनसेवा के कार्यों को भी साझा किया। इस मौके पर सदन का माहौल औपचारिक होने के साथ-साथ राजनीतिक रंग में भी नजर आया, जहां नामित पार्षदों ने अपने अनुभव और सक्रियता के जरिए यह संकेत देने की कोशिश की कि वे आने वाले समय में नगर निगम की कार्यवाही में अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। नगर निगम की राजनीति में इन नामित पार्षदों की एंट्री को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इनके जरिए संगठन की पकड़ को और मजबूत करने की रणनीति भी साफ झलकती है। आने वाले दिनों में सदन की कार्यवाही में इनकी सक्रियता और प्रभाव देखने लायक होगा।







## कविता और गीत से बदला सदन का माहौल



**करंट क्राइम :** हंगामे के बीच पार्षद रामनिवास द्वारा प्रस्तुत कविता, गीत और शायरी ने सदन का माहौल पूरी तरह बदल दिया। नारी शक्ति को समर्पित इस प्रस्तुति के दौरान कुछ पार्षदों ने मेज थपथपाकर समर्थन जताया, तो कुछ सदस्य साथ में गुनगुनाते नजर आए। माहौल कुछ देर के लिए भावुक और हल्का-फुल्का हो गया। अधिनियम के समर्थन में महिला पार्षदों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। उनकी सक्रिय भागीदारी और समर्थन ने यह संकेत दिया कि इस मुद्दे पर महिला प्रतिनिधि एकजुट हैं और अपनी भूमिका को लेकर सजग भी। बैठक में सत्ता पक्ष के कई पार्षद मौजूद रहे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि अधिनियम को लेकर संगठन स्तर पर गंभीरता और एकजुटता दिखाई दे रही है। बड़ी संख्या में उपस्थिति ने प्रस्ताव को मजबूती देने का काम किया।

## सुनील यादव-राजीव शर्मा की बहस ने खींचा ध्यान

### आरोप-प्रत्यारोप में उलझे पार्षद, निजी टिप्पणियों तक पहुंची बहस



**करंट क्राइम :** सोमवार को नगर निगम सदन की कार्यवाही उस समय अचानक गरमा गई जब नामित पार्षद सुनील यादव और पार्षद राजीव शर्मा के बीच तीखी बहस छिड़ गई। शुरूआत सामान्य तकरार से हुई, लेकिन देखते ही देखते मामला व्यक्तिगत आरोपों तक पहुंच गया। सुनील यादव ने राजीव शर्मा पर व्यक्तिगत विरोध करने और सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। जवाब में राजीव शर्मा ने पलटवार करते हुए सुनील यादव की राजनीतिक निष्ठा पर सवाल खड़े कर दिए और उन्हें दूसरे दल से जुड़ा हुआ बताया। इस पर सुनील यादव भी पीछे नहीं हटे और तुरंत जवाब देते हुए राजीव शर्मा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि खुद उनके परिवार का राजनीतिक इतिहास भी अलग दलों से जुड़ा रहा है। इस बयान के बाद सदन का माहौल कुछ देर के लिए असहज और अजीब स्थिति में पहुंच गया, जहां कार्रवाई की गंभीरता पर भी असर देखने को मिला।

## अधिकारियों के सामने बिगड़ी व्यवस्था



इस पूरे घटनाक्रम के दौरान नगर निगम के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे, जिनमें नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद सदन में अनुशासन कायम नहीं रह सका और हंगामा लगातार जारी रहा। यह घटनाक्रम न केवल नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि राजनीतिक टकराव किस तरह जनहित के मुद्दों पर हावी हो रहा है। जिस सदन में शहर के विकास, सफाई, टैक्स और आधारभूत सुविधाओं पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए थी, वहां नारेबाजी, व्यक्तिगत आरोप और हंगामा ही मुख्य एजेंडा बनकर रह गया।

## नारी शक्ति के सम्मान में ऐतिहासिक कदम: डॉ अनिल तोमर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम सदन में सोमवार को नारी शक्ति अधिनियम के समर्थन में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर वार्ड 98 के पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के पक्ष में मजबूती से अपनी बात रखी। डॉ. तोमर ने कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल एक मुद्दा नहीं, बल्कि समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने सदन से आह्वान किया कि सभी मिलकर महिलाओं को समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान दिलाने का संकल्प लें। प्रस्ताव में नगर निगम क्षेत्र में महिलाओं की शिक्षा, स्वरोजगार और सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को गति देने पर जोर दिया गया। सदन ने निर्णय लिया कि वार्ड स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया जाएगा।



## बैठक में शामिल प्रमुख महिला पार्षद

करंट क्राइम : इस दौरान महिला पार्षद शीतल चौधरी, पूनम सिंह, सुमन जाटव, शशि गौतम, छाया त्यागी, शिल्पा चौधरी, रेखा गोस्वामी, प्रीति जैन, प्रतिमा शर्मा, डॉ. सुनंदा, ज्योति, कविता भाटी सहित कई अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। तो इस बैठक में अन्य पार्षद प्रवीण चौधरी, राजीव शर्मा, मुलायम, मदन राय, डॉ. अनिल तोमर, राधेश्याम त्यागी, अमित त्यागी, मनोज त्यागी, श्रीभगवान अग्रवाल, अजय शर्मा, हिमांशु चौधरी, उमेश नागर पप्पू, राजकुमार नागर, हिमांशु शर्मा, नीरज गोयल, सचिन डागर, सत्येंद्र चौधरी, देवनारायण शर्मा, विनय चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

## महिला भाजपा पार्षदों का समर्थन, आया निंदा प्रस्ताव

**करंट क्राइम :** नारी वंदन अभिनंदन अधिनियम के समर्थन में आयोजित बैठक में सत्ता पक्ष की महिला पार्षदों ने खुलकर समर्थन जताया। बैठक के दौरान बार-बार हाथ उठवाकर समर्थन लिया गया और विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की रणनीति पर सहमति बनी दिखी। महिला पार्षदों की सक्रिय भागीदारी ने भी इस मुद्दे को मजबूती दी। नगर निगम की बैठक में अधिनियम को लेकर बहस अचानक तीखी हो गई। नियमों और प्रक्रियाओं का हवाला देते हुए एक पक्ष ने स्पष्ट किया कि कार्यवाही कानून के अनुसार ही चलेगी। इस दौरान सदन में तीखे संवाद और हंगामे की स्थिति बन गई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

## बोले सो निहाल के नारे से गूंजा सदन, बचपन की दोस्ती भी आई सामने



**करंट क्राइम :** सोमवार को नामित पार्षद अंकुश अरोड़ा का अंदाज भी सदन में चर्चा का विषय बना। पहली बार सदन में पहुंचे अंकुश अरोड़ा ने जैसे ही अपना परिचय देना शुरू किया, उन्होंने जोरदार अंदाज में बोले सो निहाल का नारा लगाया, जिससे कुछ क्षण के लिए सदन का माहौल अलग ही रंग में नजर आया। दिलचस्प बात यह रही कि इस दौरान अंकुश अरोड़ा अपने पुराने मित्र और नगर निगम पार्षद मुलायम के साथ बैठे नजर आए। जानकारी के अनुसार दोनों की दोस्ती काफी पुरानी है और वे कक्षा 6 से ही एक साथ पढ़ते और बैठते आए हैं। सदन में दोनों की साथ बैठी तस्वीर ने न सिर्फ पुराने रिश्तों की झलक दिखाई, बल्कि यह भी दशार्या कि राजनीति के बीच व्यक्तिगत संबंध किस तरह कायम रहते हैं।

## समाज और राष्ट्र के विकास में नारी शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : सतेंदर चौधरी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नारी शक्ति के सम्मान और उनके अधिकारों की मजबूती के लिए बने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को देश की संसद में पारित न किए जाने के विरोध में सोमवार को नगर निगम सदन की बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। पार्षद सतेंदर चौधरी ने कहा कि यह प्रस्ताव महिलाओं के सम्मान, समान भागीदारी और सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। समाज और राष्ट्र के विकास में नारी शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए उनके अधिकारों और प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## नारी सशक्तिकरण केवल एक विषय नहीं, बल्कि समाज के उज्ज्वल भविष्य: मदन राय



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को नगर निगम सदन में नारी शक्ति अधिनियम के समर्थन में प्रस्ताव पारित होना ऐतिहासिक क्षण है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मैंने भी महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण के पक्ष में अपने विचार साझा किए। पार्षद मदन राय ने कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल एक विषय नहीं, बल्कि समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। हम सभी का कर्तव्य है कि महिलाओं को समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान मिले। आइए, हम सब मिलकर नारी शक्ति को और मजबूत बनाने का संकल्प लें।

# राजा वर्मा ने ली नोएडा कार्यालय में प्रशिक्षण शिविर की बैठक

## मई माह में लगेगा दो दिन का प्रशिक्षण शिविर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नोएडा में मई महीने में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा।

प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक ली। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा राजा वर्मा ने यहां पदाधिकारियों से बात की और प्रशिक्षण शिविर की रूप रेखा तय करते हुए ये कहा कि प्रचार को और अधिक व्यापक बनाने तथा चुनावी रणनीति को और अधिक मजबूत बनाने के उददेश्य से ये प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। ये शिविर दो दिनों तक चलेगा और शिविर में नोएडा महानगर तथा गौतमबुद्धनगर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

नोएडा स्थित पार्टी कार्यालय में प्रशिक्षण शिविर की रूपरेखा तय करने के लिए बुलाई गयी इस बैठक में किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नोएडा के भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, महामंत्री अमित त्यागी, ओमबीर गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष महेश अवाना, उमेश त्यागी, संजय बाली, विनोद शर्मा, धर्मेन्द्र गुप्ता, प्रज्ञा पाठक, मोनिकाश्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव मौजूद रहे।

किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशअध्यक्ष राजा वर्मा ने सभी को प्रशिक्षण शिविर की रूप रेखा बताई।

उन्हें अवगत कराया कि यह भाजपा का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। सभी को इसमें भाग लेना है और यह शिविर भाजपा की चुनावी रणनीति का एक अहम हिस्सा है।

# जब हो गयी यूपी गेट पर भगवा नोंक झोंक

## किस महामंत्री ने कर लिया जानकी भवन से किनारा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राजनीति में जब बड़े नेता आते हैं तो उनके स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश होना स्वभाविक सी बात है। लेकिन कई बार खुद को प्रोजैक्ट करने के चक्कर में जब आसपास के चेहरों को कोई रिजैक्ट करता है तो इसके साईड इफैक्ट रोष के रूप में आते हैं।

सूत्र बताते हैं कि यूपी गेट पर भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी आ रहे थे। यहां एक महामंत्री भी अपने समर्थकों के साथ थे। इसी बीच एक त्यागी नेता बाउंसरों के साथ आ गये। स्वागत की पहली माला को लेकर विवाद हो गया। गर्मी का मौसम और स्वागत में बाईपास किये जाने पर किसी महामंत्री का खोपड़ा पूरी तरह घूम गया। बताते हैं कि यहां नोंक झोंक भी हुई। और इस हद तक नोंक झोंक हुई कि स्वागत करवाने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारी को भी इंटरफेयर करना पड़ा। उन्हें ये कहना पड़ा कि ये परिपाटी ठीक नहीं है। बताते हैं कि इसके बाद दोनों नेताओं के समर्थक भिड़ गये और यहां पर ढिशुम ढिशुम वाला सीन भी हो गया।

स्वागत को लेकर इस हाथापाई का असर भाजपाई स्वागत में बाद तक नजर आया। बताते हैं कि फिर एक पदाधिकारी ने जानकी भवन वाले स्वागत से खुद को दूर कर लिया। एक पदाधिकारी फिर वोल्गापैलेस में ही रहे। समर्थकों की इस भिड़ंत के बाद तनातनी का माहौल रहा।



मुलाकात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वुडहिल के डायरेक्टर विवेक भाटी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से मुलाकात की। यह मुलाकात काफी स्नेहिल रही। इस मुलाकात में दोनों के बीच अलग अलग मुददों पर विचार विमर्श हुआ। विवेक भाटी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से हुई इस मुलाकात को एक आत्मीय मुलाकात बताते हुए मुख्यमंत्री की जमकर प्रशंसा की।

28 April -26 page 4 27-04-2026 10:33 PM Page 1



## संपादकीय

# ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने राष्ट्रीय राजधानी में नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई, उचित निगरानी और जुर्माना अनिवार्य कर दिया गया है। महानगरों से लेकर छोटे कस्बों तक में दूषित हवा के साथ-साथ ध्वनि प्रदूषण भी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। विभिन्न अध्ययन रपटों में यह बात सामने आई है कि ज्यादातर बड़े शहरों में शोर का स्तर तय मानकों से काफी अधिक है। इसका मानव स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है और बहरापन, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, नींद की कमी तथा मानसिक तनाव जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसी के मद्देनजर हाल में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने राष्ट्रीय राजधानी में नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई, उचित निगरानी और जुर्माना अनिवार्य कर दिया गया है। मगर सवाल है कि क्या कागजों में कड़े प्रावधान कर देने से ध्वनि प्रदूषण को रोका जा सकता है? इससे संबंधित नियम-कानून से लेकर अदालतों के आदेश पहले से मौजूद हैं, तो फिर नए निर्देश जारी करने की जरूरत क्यों पड़ी! जाहिर है कि कार्यान्वयन में कई स्तरों पर लापरवाही बरती जा रही है। गौरतलब है कि ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत लागू किया गया था। इन नियमों का उद्देश्य लाउडस्पीकर, वाहनों के हार्न, निर्माण कार्य और औद्योगिक मशीनों जैसे सभी स्रोतों से ध्वनि के स्तर को नियंत्रित कर जनस्वास्थ्य तथा पर्यावरण की सुरक्षा करना है। नियमों में विभिन्न क्षेत्रों के लिए दिन और रात के समय ध्वनि के मानक तय किए गए हैं, जिनमें संबंधित प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना रात दस बजे से सुबह छह बजे के बीच लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध भी शामिल है। मगर इन नियमों को जमीनी स्तर पर लागू करने का जिम्मा संभाले प्राधिकारियों के दायित्व, निष्पक्षता और ईमानदारी पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। तो फिर नए निर्देश जारी करने की जरूरत क्यों पड़ी! जाहिर है कि कार्यान्वयन में कई स्तरों पर लापरवाही बरती जा रही है। गौरतलब है कि ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत लागू किया गया था। इन नियमों का उद्देश्य लाउडस्पीकर, वाहनों के हार्न, निर्माण कार्य और औद्योगिक मशीनों जैसे सभी स्रोतों से ध्वनि के स्तर को नियंत्रित कर जनस्वास्थ्य तथा पर्यावरण की सुरक्षा करना है। आलम यह है कि कई जगह ध्वनि प्रदूषण को मापने के लिए लगाए गए यंत्र निष्क्रिय पड़े हैं और जहां ये यंत्र काम कर रहे हैं, उनमें दर्ज आंकड़ों का भी शोर कम करने के उपायों में समुचित इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है।

# शेयर बाजार में बढ़त, सेंसेक्स 639 अंक चढ़ा, निफ्टी 24000 के पार



**नई दिल्ली।** पिछले तीन दिनों की गिरावट के साथ सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में हरे निशान पर क्लोजिंग हुई। इस दौरान सेंसेक्स 639 अंक चढ़ा, निफ्टी 24000 के पार पहुंच गया। शेयर बाजार में लगातार तीन दिनों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा। हफ्ते के पहले करोबारी दिन सेंसेक्स 639 अंक ऊपर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 24,050 के पर पहुंच गया। आरआईएल और विप्रो के शेयरों में 3% का उछाल दिखा।

मजबूत तिमाही नतीजों और घरेलू सेक्टर्स से बाजार में लौटी रौनक

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू होने की उम्मीद और चौथी तिमाहीके शानदार कॉर्पोरेट नतीजों ने शेयर बाजार में निवेशकों का भरोसा काफी बढ़ाया है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतें अभी भी 100 डॉलर प्रति बैरल के पार हैं और बाजार होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने की संभावनाओं पर नजर बनाए हुए है, लेकिन बैंकिंग, एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स और मैन्युफैक्चरिंग जैसे घरेलू मांग वाले सेक्टर्स ने बाजार की रिकवरी में अहम भूमिका निभाई है। वहीं, कमजोर वित्तीय नतीजों के बावजूद आईटी सेक्टर अपने आकर्षक वैल्युएशन और लंबी अवधि के निवेश के नजरिए से निवेशकों को लगातार लुभा रहा है। आगे चलकर बाजार के लिए महंगाई एक बड़ा जोखिम बनी हुई है, जिसके चलते निवेशकों की पैनी नजर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की आगामी ब्याज दर नीति और उसके भविष्य के रुख पर टिकी होगी।

# इंडिगो पर दबाव, यूबीएस ने घटाई रेटिंग

## तेल कीमतों और वैश्विक तनाव का असर, टारगेट प्राइस घटाकर 4,940 रुपये किया

**नई दिल्ली।** वैश्विक ब्रोकरेज फर्म यूबीसी ने सोमवार को भारत की प्रमुख एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पेरेंट कंपनी की रेटिंग घटा दी है। कंपनी ने इसकी रेटिंग बाय से बदलकर न्यूट्रल कर दी है और टारगेट प्राइस भी घटाकर 4,940 रुपये कर दिया है, जो पहले 5,480 रुपये था।

यूबीएस का कहना है कि यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता बढ़ी हुई है। खासकर अमेरिका और ईकान के बीच तनाव के कारण तेल और जेट ईंधन की कीमतें काफी ऊपर चली गई हैं। ब्रोकरेज फर्म के मुताबिक, विमानन सेक्टर पहले से ही दबाव में है क्योंकि कई क्षेत्रों में सप्लाई की दिक्कतों के कारण जेट फ्यूल की कीमतें हाल के महीनों में लगभग दोगुनी हो गई हैं।



हालांकि यूबीएस ने यह भी माना है कि इंडिगो अपने बड़े नेटवर्क और बेहतर संचालन क्षमता के कारण कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों की तुलना में अभी भी मजबूत स्थिति में है। भारत सरकार ने भी विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तेज बढ़ोतरी को कुछ हद तक नियंत्रित किया है।

अप्रैल 2026 के लिए एटीएफ की कीमतों में सिर्फ 9% की बढ़ोतरी की सीमा तय की गई है, जो पहले की 115% की अंतरराष्ट्रीय वृद्धि से काफी कम है। इससे एयरलाइनों को कुछ राहत मिली है।

### शेयर बाजार का हाल भी समझिए

बाजार में इंडिगो के शेयरों में हल्की तेजी देखी गई और दोपहर 3 बजे यह करीब 1% बढ़कर 4,567 रुपये पर कारोबार कर रहा था। हाल के प्रदर्शन की बात करें तो :-

पिछले 5 दिनों में शेयर 3% गिरा।<br>
पिछले 1 महीने में 11% की तेजी।<br>
पिछले 6 महीनों में 21% की गिरावट।<br>
सालाना आधार पर करीब 10% की गिरावट।

कुल मिलाकर, बढ़ती ईंधन कीमतों और वैश्विक तनाव ने एयरलाइन सेक्टर पर दबाव बनाया है, लेकिन इंडिगो अभी भी अपने मजबूत संचालन के दम पर बाजार में टिके रहने की कोशिश कर रही है।

# भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर, 100% भारतीय निर्यात टैक्स-फ्री

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों में सोमवार को एक नए युग की शुरूआत हुई। दोनों देशों ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो व्यापार, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने वाला है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के उनके समकक्ष टॉड मैक्ले की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण समझौते को आधिकारिक रूप दिया गया। यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत मानी जा रही है।

**रिकॉर्ड समय में समझौता और निर्यातकों को संजीवनी :** इस एफटीए की सबसे खास बात इसकी गति रही है। 16 मार्च, 2025 को शुरू हुई बातचीत को रिकॉर्ड नौ महीनों के भीतर संपन्न कर लिया गया। इस समझौते के लागू होने से भारत को सभी टैरिफ उत्पादों पर तत्काल 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। इसके परिणामस्वरूप, न्यूजीलैंड को होने वाले शत-प्रतिशत भारतीय निर्यात पर अब कोई टैरिफ (सीमा शुल्क) नहीं लगेगा।

वर्तमान में न्यूजीलैंड द्वारा भारत से निर्यात किए जाने वाले लगभग 450 उत्पादों पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगाया जाता था। नए समझौते के तहत यह शुल्क खत्म हो जाएगा, जिससे भारतीय कपड़ा और परिधान, चमड़ा उद्योग, टोपी, चीनी मिट्टी के बर्तन (सिरेमिक्स), कालीन, और वाहन तथा उनके पुर्जों के निर्यात को भारी बढ़ावा मिलेगा। इसके एवज में, भारत ने भी न्यूजीलैंड से आने वाले 95 प्रतिशत सामानों पर टैरिफ में छूट दी है या उसे कम कर दिया है। कुशल पेशेवरों को अवसरः उच्च वेतन वाले रोजगार चाहने वाले स्किल-युक्त भारतीय पेशेवरों के लिए 5,000 अस्थायी रोजगार वीजा का विशेष कोटा निर्धारित किया गया है। इसके जरिए पेशेवर तीन साल तक न्यूजीलैंड में रहकर नौकरी कर सकेंगे।




### विदेशी निवेश और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा

व्यापार सुगमता के साथ-साथ इस एफटीए का एक प्रमुख स्तंभ विदेशी निवेश है। समझौते के तहत, न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में भारत में 20 अरब डॉलर का भारी-भरकम निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। यह निवेश यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) द्वारा भारत के साथ किए गए समझौते में प्रस्तावित 100 अरब डॉलर के निवेश ढांचे की तर्ज पर ही है।

वहीं, एक अत्यंत महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम के तहत, भारत ने अपने संवेदनशील घरेलू कृषि और डेयरी सेक्टर को इस एफटीए के दायरे से पूरी तरह बाहर रखा है। दूध, क्रीम, मट्ठा, दही और पनीर जैसे सभी डेयरी उत्पादों के साथ-साथ अन्य कृषि उत्पादों पर आयात छूट नहीं दी गई है, जिससे भारतीय किसानों और स्थानीय डेयरी उद्योग के हितों की रक्षा सुनिश्चित हुई है।

छात्रों और पेशेवरों के लिए खुलेंगे नए दरवाजे

**वर्किंग हॉलिडे प्रोग्रामः** इस समझौते के तहत एक विशेष वर्किंग हॉलिडे वीजा कार्यक्रम भी लाया गया है, जिसमें प्रतिवर्ष 1,000 युवा भारतीय 12 महीने के लिए न्यूजीलैंड में मल्टीपल एंट्री कर सकेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ यह मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए अवसर पैदा करता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- 21. पैसा ऐसी पहले नंबर की चीज है जिसके बारे में जोड़े सबसे अधिक बहस करते हैं।
- जब आसमान की बिजली गिरती है तब तापमान 30,000 डिग्री तक हो सकता है।
- हर बार जब भी आप पूरा चांद देखते हैं हर बार इसकी एक ही साइड ही दिखती है।
- शहद अकेला ऐसा प्राकृतिक पदार्थ है जो कभी खराब नहीं होता।
- ऑस्ट्रेलिया अकेला ऐसा महाद्वीप है जहां कोई भी एक्टिव ज्वालामुखी नहीं है।
- दुनिया की सबसे लंबी स्ट्रीट टोरंटो की योंगे स्ट्रीट है। कनाडा स्थित यह स्ट्रीट 1,896 किमी लंबी है।
- दुनिया की 90 प्रतिशत जनसंख्या किस करती है।
- कोकाकोला में शुरूआत में कोकीन मिला होता था।
- सभी कीड़ों की 6 टांगे होती हैं।
- पूर्वी अफ्रीका में केले से बनी बीयर बिकती है।
- जिराफ अपनी 21 इंच लंबी जीभ से कान साफ करता है।
- ऑस्ट्रेलिया को शुरूआत में न्यूहोलेंड के नाम से जाना जाता था।

# रूस तेल आयात पर गोपनीयता बरकरार आरटीआई आवेदन खारिज



**नई दिल्ली।** रूस से आयात होने वाले कच्चे तेल के आंकड़े साझा नहीं किए जा सकते, क्योंकि यह वाणिज्यिक और गोपनीय प्रकृति के हैं। पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) ने यह जानकारी दी। पीपीएसी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत काम करता है। वहीं, केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने भी इस फैसले का समर्थन किया। आयोग ने कहा कि यह मामला देश के रणनीतिक और आर्थिक हितों से जुड़ा है।

### आरटीआई आवेदन में क्या जानकारी मांगी गई?

सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत एक आवेदन दायर किया गया था। इसमें जून 2022 से जून 2025 के बीच रूस से आयात किए गए कच्चा तेल का ब्योरा मांगा गया था। इसमें भारतीय तेल निगम लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम निगम लिमिटेड (एचपीसीएल), तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) विदेश, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी कंपनियों की अलग-अलग जानकारी भी मांगी गई थी।

### केंद्रीय सूचना आयोग ने क्या कहा?

केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने यह जानकारी देने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि देश और कंपनियों की ओर से तेल आयात की अलग-अलग जानकारी वाणिज्यिक और गोपनीय है। इसलिए, 2005 के आरटीआई कानून की धारा 8 (1) (डी) और (ई) के तहत इसे साझा नहीं किया जा सकता।

# डोनाल्ड ट्रंप को वोट देकर पछता रहे अमेरिकी, खाना-पेट्रोल से बिजली तक सब हुई महंगी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में महंगाई ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। किराना, पेट्रोल, बिजली और रोजमर्रा के खर्च तेजी से बढ़ने से परिवारों का बजट बिगड़ रहा है। कई लोगों ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप से राहत की उम्मीद थी, लेकिन नए टैरिफ और पश्चिम एशिया तनाव के कारण हालात और खराब हो गए। सरकारी आंकड़ों में भी ऊर्जा कीमतों और पेट्रोल के दामों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

अब पछताए क्या होत जब चिड़िया चुग गई खेत, इस कहावत को अमेरिकी महसूस कर रहे हैं। वहां आम लोगों पर महंगाई का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। किराना सामान, पेट्रोल, बिजली और रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी ने लाखों परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि नए अमेरिकी टैरिफ और पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल ने हालात और मुश्किल बना दिए हैं।



विशेषज्ञों के मुताबिक, जब अमेरिकी परिवार आर्थिक राहत महसूस करने लगे थे, तभी बढ़ती कीमतों ने उनकी मुश्किलें फिर बढ़ा

### ईंधन और खाने का खर्च बढ़ा

क्रिश्चियन डेविटो नाम के 34 वर्षीय कर्मचारी, जो लॉस एंजिल्स के एक बड़े किराना स्टोर में हेल्थ एंड सेफ्टी विभाग में काम करते हैं, ने कहा कि पिछले तीन महीनों में उनके मासिक बिल कम से कम 15 फीसदी बढ़ गए हैं।

उन्होंने कहा कि काम पर आने-जाने का खर्च 50 डॉलर प्रति सप्ताह से बढ़कर 70 डॉलर से ज्यादा हो गया है। खाने और बिजली के बिल भी तेजी से बढ़े हैं। पहले फिल्मों और दूसरी चीजों पर कटौती की, अब खाने पर भी खर्च कम करना पड़ रहा है।

### सरकारी आंकड़ों में भी दिखा असर

अमेरिकी सरकारी आंकड़ों के अनुसार मार्च में ऊर्जा कीमतों में 10.9 फीसदी मासिक वृद्धि दर्ज की गई। इसमें पेट्रोल की कीमतों में 21.2 फीसदी की तेज बढ़ोतरी शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट्रोल महंगा होने से रोजाना यात्रा करने वालों पर तुरंत असर पड़ता है, जबकि बिजली और गैस के बढ़े बिल बाद में दबाव बढ़ाते हैं। वहीं खाद्य महंगाई का असर सीधे जरूरी सामानों पर पड़ता है।

### ब्याज दरें भी बनी परेशानी

फेडरल रिजर्व ने महंगाई काबू करने के लिए ब्याज दरें ऊंची रखी हैं। इसका असर क्रेडिट कार्ड, ऑटो लोन और अन्य कर्जों की किस्तों पर भी पड़ रहा है।

## राशिफल

**मेष :** लोगों की आपसे हमदर्दी रहेगी। किसी खास व्यक्ति या करीबी दोस्त से धोखा मिलने के योग हैं। आपके सहज ज्ञान और विचारों में दृढ़ता की वृद्धि होगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा और आप अपनी तेज बुद्धि और कार्यकुशलता के कारण अपने दिन को बेहतर बनाएंगे।

**मिथुन :** आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कारोबार की धीमी गति से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। परिजनों के साथ खुशी के पल बिताएंगे।

**कर्क :** बकाया वसूलने के प्रयास सफल रहेंगे। यह शाम एक यादगार शाम होगी। अपनी सोच बदलो दूसरों को बदलने की कोशिश मत करो।

**सिंह :** आप निजी प्रयासों के बल पर सफलता अर्जित करेंगे। आपके खर्चों में वृद्धि होगी, जिससे आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी।

**कन्या :** आपके सभी काम समय से पूरे होंगे। घर में परिवार के साथ मूवी देखने का प्लान बनेगा। कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** आज नौकरी में तरक्की के मौके मिलेंगे। मन को नकारात्मक विचारों से हटाकर सकारात्मक विचारों पर ध्यान दें। धैर्य रखें।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। भाग्य का सितारा बुलंद रहेगा, जिससे आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी। लंबे समय से अटके हुए काम पूरे होने लगेंगे।

**धनु :** आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। रोजमर्रा के काम बिना किसी बाधा के पूरे होंगे। पार्टनर के साथ ईमानदारी आपके लिए फायदेमंद रहेगी।

**मकर :** आज आप और आपका पार्टनर सरप्राइज देने की कोशिश करेंगे। लंबे समय से चले आ रहे भवन निर्माण पारिवारिक विवाद का आज आखिरी दिन है।

**कुंभ :** आपकी लव लाइफ में किसी दूसरे व्यक्ति की दखलअंदाजी आपके लिए परेशानी का सबब बन सकती है। आमदनी के मामले में आज आप भाग्यशाली रहेंगे।

**मीन :** आप उत्साह से भरे रहेंगे। घर का वातावरण सुखद रहेगा। आप सभी काम पूरी मेहनत से करेंगे। आपकी मेहनत का फल भी मिलेगा।

## चुटकुले

सुरेश- कल मेरे घर लुटेरे घुस आए...<br>
दीपक- फिर क्या हुआ ?<br>
सुरेश- वो चिल्ला चिल्ला कर पूछ रहे थे कि सोना कहां है ,सोना कहां है?<br>
मैंने कह दिया किसी भी कमरे में सो जाओ...

टीचर- वर्षा से सबसे ज्यादा लाभ किसे है?<br>
छात्र- हमें...<br>
टीचर- कैसे?<br>
छात्र- उस दिन विद्यालय का अवकाश हो जाता है.

रिंकी- देख पिंकू मैं तो ठंड में भी रोज नहाती हूं.<br>
पिंकू- मैं तो ठंड में दो बार नहाता हूं.<br>
रिंकी- अरे तुम तो बहुत बहादुर हो.<br>
पिंकू- अरे... मैं तो ठंड के पूरे मौसम में सिर्फ दो बार नहाता हूं...

टीचर- हमारे शरीर का 70% हिस्सा पानी है.<br>
विद्यार्थी- तो फिर हमें इतनी प्यास क्यों लगती है ?




प्रिय पाठकों,<br>
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497<br>
Email: currentcrimenews@gmail.com<br>
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद<br>
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)<br>
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार<br>
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी





# दो दिग्गज भिड़े: श्रेयस-पाटीदार या ईशान आईपीएल 2026 का सर्वश्रेष्ठ कप्तान कौन

**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स शानदार प्रदर्शन कर रही है। सहवाग ने उन्हें 10/10 रेटिंग दी, जबकि जहीर खान ने सुधार की गुंजाइश बताते हुए रजत पाटीदार की कप्तानी को बेहतर माना। फिलहाल पंजाब पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर है।

आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने बेहतरीन नेतृत्व दिखाया है। टीम ने अपने पहले सात मैचों में छह जीत और एक ह्यनो रिजल्टह्ल के साथ शानदार शुरूआत की है। अय्यर आईपीएल इतिहास के पहले कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने सीजन के शुरूआती सात मैचों में हार का सामना नहीं किया।

सहवाग ने दी परफेक्ट रेटिंग

पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग अय्यर की कप्तानी से काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने अय्यर को पूरे 10 में 10 अंक दिए। वहीं, पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने थोड़ा अलग नजरिया पेश किया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'सख्त टीचर ने तो पूरे नंबर दे दिए, लेकिन उदार टीचर ने नहीं।' इस पर सहवाग ने भी चुटकी लेते हुए कहा कि शायद जहीर ने पिछले सीजन के फाइनल में मिली हार (पंजाब की बेंगलुरु से हार) के कारण अंक काटे होंगे।



**जहीर खान ने किसे बताया बेहतर:** जहीर खान ने अय्यर की कप्तानी को सराहा जरूर, लेकिन उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार की लीडरशिप को उनसे आगे बताया। उन्होंने कहा कि भले ही पंजाब किंग्स अंक तालिका में शीर्ष पर है, लेकिन सुधार की हमेशा गुंजाइश रहती है। जहीर खान ने सनराइजर्स हैदराबाद के स्टैंड-इन कप्तान ईशान किशन की भी सराहना की। उन्होंने कहा, 'शुरूआत में उन्होंने पैट कमिंस के लीडरशिप स्टाइल को फॉलो किया, लेकिन कुछ मैचों के बाद उन्होंने अपना खुद का तरीका अपनाया और टीम मैनेजमेंट को बदलाव के लिए राजी किया।'

### पॉइंट्स टेबल में पंजाब टॉप पर

फिलहाल पंजाब किंग्स 14 में से 13 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स 10-10 अंकों के साथ क्रमश: दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। आईपीएल में अब प्लेऑफ की जंग रोमांचक हो चली है। 24 मई को लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले खेले जाएंगे। हालांकि, बीसीसीआई ने अब तक नॉकआउट चरण का शेड्यूल नहीं जारी किया है।



# एशियाई चैंपियनशिप से बाहर हो सकती हैं भारोत्तोलक मीराबाई चानू



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले महीने होने वाली एशियाई चैंपियनशिप से बाहर रह सकती हैं। इस साल राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल भी होने हैं। मीराबाई की नजरें इन दोनों टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने की होगी, लेकिन चोट के कारण वह एशियाई चैंपियनशिप से बाहर हो सकती हैं।

भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले महीने गांधीनगर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में कंधे की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाएंगी। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई को फरवरी में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी। भारतीय टीम में मीराबाई की जगह कोमल कोहर को शामिल किए जाने की संभावना है। एक सूत्र ने कहा, 'राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान मीराबाई के कंधे में हल्की चोट लग गई थी। यह साल बहुत अहम है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल होने वाले हैं और वह कोई भी जोखिम नहीं ले सकतीं।' मोदीनगर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 31 साल की मीराबाई ने कुल 205 किग्रा (89 किग्रा और 116 किग्रा) भार उठाकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।


**इस साल होना है राष्ट्रमंडल और एशियाई खेल**

मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी जिसके बाद अक्तूबर में होने वाले एशियाई खेल 2026 के लिए वह अपना वजन बढ़ाकर 53 किग्रा वर्ग में आ जाएंगी। एशियाई खेल ही एकमात्र ऐसा बड़ा टूर्नामेंट है जिसमें मणिपुर की इस भारोत्तोलक ने अभी तक कोई पदक नहीं जीता है। साथ ही यह 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए पहला क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी होगा।

एशियाई चैंपियनशिप मूल रूप से एक से 10 अप्रैल तक होनी थी, लेकिन पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण इसे एक महीने से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था।

यह संघर्ष अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों से शुरू हुआ था। यह पहली बार होगा जब भारत सीनियर महाद्वीपीय प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

# भैया नहीं ब्रदर! सुनील नरेन को ये क्या बोल गई रिंकू सिंह की बहन



**लखनऊ।** केकेआर की लखनऊ पर सुपरओवर में जीत के बाद सोशल मीडिया पर टीम के जश्न के मजेदार वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन्हीं में एक रिंकू सिंह का है, जिसमें वह अपनी बहन नेहा से वीडियो कॉल पर बात कर रहे हैं।

रिंकू सिंह की धमाकेदार बल्लेबाजी और सुनील नरेन की घातक गेंदबाजी की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रविवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ सुपरओवर में शानदार जीत दर्ज की। अब सोशल मीडिया पर इस मुकाबले के बाद के तमाम वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें केकेआर के खिलाड़ियों को जीत का जश्न मनाते देखा जा रहा है।

### मैच में क्या हुआ?

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रविवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ सुपरओवर में शानदार जीत दर्ज की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने रिंकू सिंह की नाबाद अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम ने भी निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 155 रन बनाए और मुकाबला सुपरओवर में पहुंच गया।

### रिंकू-नेहा और सुनील नरेन की मजेदार बातचीत

इन्हीं में से एक वीडियो केकेआर ने अपने ऑफिशियल 'एक्स' हैंडल से रिंकू सिंह का भी साझा किया है। इसमें टीम के उप-कप्तान अपनी मां और बहन से वीडियो कॉल पर बात करते दिख रहे हैं। कॉल के दौरान रिंकू की बहन नेहा उन्हें जीत के लिए बधाई देती हैं। इसके बाद रिंकू उन्हें सुनील नरेन से मिलवाते हैं, तभी नेहा कहती हैं हैलो भैया...इतना सुनते ही रिंकू टोकते हैं..भैया नहीं ब्रदर.. इसके बाद नेहा कहती हैं....भैया बहुत अच्छी बॉलिंग करी जिस पर रिंकू फिर कहत हैं अरे!

# KKR-LSG मैच में भारी चूक! छक्के को दिया गया चौका

## क्या अंपायरिंग में बड़ी गलती से हारी लखनऊ की टीम

**लखनऊ।** आईपीएल 2026 के LSG vs KKR मैच में अंपायरिंग को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि पंत के शॉट को छक्के की बजाय चौका दिया गया। फैंस का मानना है कि यही फैसला मैच के नतीजे पर असर डाल गया और लखनऊ को हार झेलनी पड़ी।

आईपीएल 2026 का 38वां मैच विवादों में आ गया है। इस मैच में कुछ ऐसा हुआ है, जिस पर फैंस ने सवाल खड़े किए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच इकाना स्टेडियम में खेला गया यह मैच सुपरओवर में पहुंचा, जिसमें केकेआर ने जीत हासिल की। हालांकि, इस मैच में अंपायरिंग में भारी चूक नजर आई है और सोशल मीडिया पर फैंस इसको लेकर खूब पोस्ट कर रहे हैं और गंभीर आरोप भी लगा रहे हैं। फैंस का कहना है कि लखनऊ की पारी के दौरान ऋषभ पंत के एक शॉट को छक्के की जगह चौका दिया गया और अंपायरिंग में इसी बड़ी गलती की वजह से लखनऊ को हार का सामना करना पड़ा।



दरअसल, नोआ नाम के सोशल मीडिया यूजर ने एक्स पर कुछ ऐसा पोस्ट किया है, जिसने सभी को चौंका दिया। उस फैन ने मैच पर बारीकी से नजर रखा और एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में उस फैन का दावा है कि लखनऊ की पारी के दौरान 12वें ओव में ऋषभ पंत स्ट्राइक पर थे और कार्तिक त्यागी गेंदबाजी कर रहे थे। उनकी स्लोअर ऑफ कटर गेंद पर पंत ने फाइन लेग पर शॉट खेला। इसे अंपायर ने चौका दिया।

वीडियो में उसी शॉट के रीप्ले में छक्के की लंबाई मापने का मीटर दिखाया गया और लंबाई 63 मीटर दिखाई गई। साथ ही हाइट भी 12 मीटर मापी गई। ऐसा छक्के की लंबाई मापने के लिए ही किया जाता है। हालांकि, इसके बावजूद अंपायर ने इसे दोबारा चेक नहीं किया। फैन का कहना है कि वीडियो में गेंद साफ तौर पर बाउंड्री के उस पार गिरती दिख रही है। फैन का आरोप है कि इसके बावजूद चौका ही दिया गया और अंपायरिंग में भारी भूल हुई।

### क्रिकबज का स्क्रीनशॉट, दो रन बने निर्णायक

यही दो रन आखिर में निर्णायक बने और मैच टाई होने के बाद सुपरओवर में गया। फैन का आरोप है कि अगर ठीक से चेक हुआ होता तो लखनऊ की टीम जीत गई होती। फैन ने कैप्शन में लिखा, '11.1 ओवर में कार्तिक त्यागी की गेंद पर ऋषभ पंत का शॉट साफ तौर पर छक्का नजर आया, लेकिन अंपायर ने इसे सिर्फ चौका करार दिया। स्कोर में चार रन जोड़े गए और मैच सुपर ओवर तक पहुंच गयाङ्कक्या स्क्रिप्ट राइटर्स ओवरटाइम कर रहे हैं या फिर यह सिर्फ एक बड़ी अंपायरिंग चूक थी?'

### मैच टाई हुआ और सुपरओवर में गया

मैच की बात करें तो केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 155 रन बनाए। कैमरन ग्रीन ने 34 रन की पारी खेली। वहीं, रिंकू सिंह ने 51 गेंद में सात चौके और पांच छक्के की मदद से नाबाद 83 रन की पारी खेली। लखनऊ की ओर से मोहसिन खान ने पांच विकेट झटके। जवाब में लखनऊ की टीम भी 20 ओवर में आठ विकेट पर 155 रन ही बना सकी।

# रघुवंशी आउट भी हुए और अब जुर्माना भी देना होगा

## अंपायर के फैसले पर आपत्ति जताने पर बीसीसीआई ने लिए एक्शन

**लखनऊ।** केकेआर के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी को 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' पर आउट दिए जाने के बाद गुस्से में प्रतिक्रिया देने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। उन्होंने गलती स्वीकार कर ली है और एक डिमेरिट प्वाइंट भी मिला है।

आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद केकेआर के युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। उन्हें मैच के दौरान गुस्से में किए गए व्यवहार के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है।

### 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' पर आउट होने के बाद भड़के

यह घटना मैच के पांचवें ओवर में हुई, जब रघुवंशी को 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' के तहत आउट दिया गया। इस फैसले के बाद वह अपना आपा खो बैठे और गुस्से में आकर उन्होंने बैट से बाउंड्री कुशन पर मारा। इतना ही नहीं, उन्होंने अपना हेलमेट भी डगआउट की ओर फेंक दिया, जो आईपीएल के आचार संहिता के खिलाफ है।



खिलाड़ी ने मानी गलती

रघुवंशी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी के फैसले को मान लिया है।

आईपीएल नियमों के अनुसार, लेवल-एक के उल्लंघन में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है। लखनऊ के खिलाफ यह मैच केकेआर ने सुपर ओवर में जीता था, लेकिन इस जीत के बीच रघुवंशी का यह व्यवहार चर्चा का विषय बन गया। युवा खिलाड़ी से ऐसे व्यवहार की उम्मीद नहीं की जाती और यह टीम की छवि पर भी असर डालता है।

### आईपीएल ने सुनाई सजा

आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'अंगकृष रघुवंशी, कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज और विकेटकीपर, पर मैच नंबर 38 में आचार संहिता के लेवल-एक के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है और एक डिमेरिट प्वाइंट भी दिया गया है।' आगे बताया गया कि उन्होंने आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन किया, जो मैच के दौरान उपकरण या मैदान से जुड़े सामान के दुरुपयोग से संबंधित है।

## गम को ताकत बनाकर खेले रिंकू सिंह

# मंगेतर प्रिया सरोज ने दिवंगत ससुर को किया याद





**लखनऊ।** लखनऊ के खिलाफ कोलकाता के उप-कप्तान रिंकू सिंह का बल्ला जमकर गरजा। उनकी शानदार अर्धशतकीय पारी को देखकर मंगेतर प्रिया सरोज भावुक हो गईं और उन्होंने अपने दिवंगत ससुर को याद किया।

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रिंकू सिंह की धमाकेदार पारी के दम पर सुपरओवर में मुकाबला जीता। इस मैच में रिंकू ने 83 रन बनाए, वहीं सुपरओवर में शानदार चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। इस दौरान रिंकू की मंगेतर प्रिया सरोज भी स्टेडियम में मौजूद रहीं।

### दिवंगत ससुर को याद कर भावुक हुईं प्रिया सरोज

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले का आनंद रिंकू की मंगेतर और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज भी मौजूद रहीं। उनके साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव के तीनों बच्चे भी मैच देखने पहुंचे थे। मुकाबले के बाद प्रिया ने भावुक बयान दिया, जिसमें उन्होंने रिंकू की इस पारी को उनके दिवंगत पिता खानचंद सिंह को समर्पित किया। प्रिया ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। आज उन्होंने जो भी खेला, वो मेरे ससुर के लिए था। मैं उन्हें आज बहुत याद कर रही हूं।' बता दें कि, रिंकू के पिता का इस साल फरवरी में निधन हो गया था। वह लंबे समय से चौथे स्टेज के लिवर कैंसर से जूझ रहे थे।

### संकटमोचक बने रिंकू

मैच के बाद जब रिंकू से पूछा गया कि क्या उन्हें 'रिंकू संकटमोचन' कहा जाना चाहिए, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'रिंकू ही ठीक है।' उन्होंने अपनी पारी के बारे में कहा, 'जब मैं बल्लेबाजी करने आया, तब चार विकेट गिर चुके थे। मेरा फोकस मैच को अंत तक ले जाने पर था। शुरूआत में विकेट गिरने के बाद स्ट्राइक रोटेट करना जरूरी था और रन बनाना अहम था।'

# स्पैनिश फुटबॉल में बवाल! गोलकीपर ने विरोधी खिलाड़ी के मुंह पर मारा मुक्का

**नई दिल्ली।** स्पेन के जरागोजा बनाम ह्यूएस्का मैच में गोलकीपर एस्तेबान आंद्रादा द्वारा विरोधी खिलाड़ी को मुक्का मारने से बड़ा विवाद खड़ा हो गया। कई खिलाड़ियों को रेड कार्ड मिला और मैच में मारपीट देखने को मिली। बाद में आंद्रादा ने माफी मांगी, जबकि क्लब ने घटना की निंदा की।

स्पेन की सेगुंडा डिविजन में रियल जारगोजा और एसडी ह्यूएस्का के बीच खेले गए मुकाबले में उस समय बड़ा बवाल मच गया जब गोलकीपर एस्तेबान आंद्रादा ने विरोधी खिलाड़ी को मुक्का मार दिया। यह मैच पहले से ही रेलेगेशन की लड़ाई के कारण तनावपूर्ण था।

**रेड कार्ड के बाद बढ़ा विवाद**

मैच के इंजरी टाइम में आंद्रादा को दूसरे पीले कार्ड के कारण रेड कार्ड दिखाया गया। उन्होंने ह्यूएस्का के एक खिलाड़ी को धक्का दिया था, जिसके बाद रेफरी ने उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया। लेकिन इसके बाद मामला और बिगड़ गया। रेड कार्ड मिलने के कुछ ही पलों बाद आंद्रादा ने दौड़कर जॉर्जे पुलिदो के चेहरे पर मुक्का जड़ दिया।



**मैदान पर मारपीट, कई खिलाड़ी बाहर:** इस घटना के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई शुरू हो गई और मैदान पूरी तरह से जंग का मैदान बन गया। इस दौरान दानी जिमिनेज और दानी तासेंदे को भी रेड कार्ड दिखाया गया। अरागोनीज डर्बी के नाम से मशहूर इस मुकाबले में खिलाड़ियों का गुस्सा साफ दिखाई दिया। इस पूरे विवाद के बीच मैच का नतीजा कहीं पीछे छूट गया। ऑस्कर सिएल्वा के पेनल्टी गोल की बदौलत ह्यूएस्का ने 1-0 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ उन्होंने पॉइंट्स टेबल में जरागोजा को पीछे छोड़ दिया, हालांकि दोनों टीमें अभी भी रेलेगेशन जोन में हैं।

**आंद्रादा ने मांगी माफी**

मैच के बाद आंद्रादा ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा, 'मैं अपना ध्यान खो बैठा था और जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था। मैं इसके लिए माफी मांगता हूं और जो भी सजा मिलेगी, उसे स्वीकार करूंगा।'

# दो बीमर के बावजूद बॉलिंग से क्यों नहीं हटाए गए कार्तिक त्यागी

## लीग के सबसे दिलचस्प नियम का सारा खेल

**लखनऊ।** केकेआर के कार्तिक त्यागी ने एक ओवर में दो बीमर डाले, लेकिन उन्हें गेंदबाजी जारी रखने दी गई क्योंकि अंपायर ने दूसरी गेंद को खतरनाक नहीं माना। आईपीएल नियमों के अनुसार सिर्फ दो खतरनाक गेंदों पर ही गेंदबाज को रोका जाता है।

आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। मैच आखिरी ओवर तक गया और फिर सुपर ओवर तक पहुंचा। लेकिन इस दौरान सबसे ज्यादा चर्चा में रहे केकेआर के तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी, जिन्होंने एक ही ओवर में दो बीमर गेंदें डालीं।



### दो बीमर, फिर भी जारी रही गेंदबाजी

आखिरी ओवर में 17 रन बचाने उतरे त्यागी दबाव में नजर आए और उन्होंने लखनऊ के बल्लेबाज हिम्मत सिंह को दो बार कमर से ऊपर फुल गेंद डाली। आमतौर पर ऐसा माना जाता है कि दो बीमर डालने पर गेंदबाज को मैच से हटा दिया जाता है, लेकिन यहां ऐसा नहीं हुआ।

# सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ की परिषद के सदस्य के रूप में काम शुरू किया

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की परिषद के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की परिषद के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है और उन्होंने दुनिया भर के खिलाड़ियों के मसलों को उठाने का वादा किया। सिंधू ने इस अवसर पर कहा, विश्व बैडमिंटन महासंघ के यह जिम्मेदारी निभाना और दुनिया भर के खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए वास्तव में सम्मान और सौभाग्य की बात है। बैडमिंटन ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मुझे खुशी है कि मुझे इस क्षमता से भी खेल की सेवा करने का मौका मिल रहा है। विश्व बैडमिंटन महासंघ की परिषद विश्व स्तर पर बैडमिंटन को रणनीतिक दिशा प्रदान करने और उसके संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



### दिसंबर में चुनी गई थीं सदस्य

बैडमिंटन की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक सिंधू ने दिसंबर में बीडब्ल्यूएफ खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के बाद बीडब्ल्यूएफ परिषद में पूर्ण मतदान का अधिकार हासिल कर लिया है। सिंधू आधिकारिक तौर पर 2025 के आखिर में परिषद में शामिल हुई थी। उन्होंने 25 अप्रैल को यहां वार्षिक आम बैठक में पहली बार हिस्सा लिया और इस तरह से उनके कार्यकाल की शुरूआत हुई।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | मंगलवार • 28 अप्रैल -2026

# गाजियाबाद आसपास




**जनता दर्शन में डीएम ने सुनी समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

# जनसुनवाई में डीएम सख्त शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने आमजन की समस्याएं विस्तार से सुनीं। इस दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें और प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से हल किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार जनता दर्शन कार्यक्रम की सीधी मॉनिटरिंग सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से की जा रही है। इससे शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और तेजी सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य दिवसों में सुबह दस बजे से बारह बजे तक अनिवार्य रूप से जन शिकायतें सुनें और इस दौरान जूम के माध्यम से लाइव जुड़े रहें, ताकि शिकायतों का तत्काल संज्ञान लिया जा सके।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। वहीं कुछ मामलों में संबंधित अधिकारियों से सीधे संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस दौरान जरूरतमंद नागरिकों के राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन भी मौके पर ही करवाए गए।

## गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

**हिंदू संगठनों ने मोदीनगर में प्रदर्शन कर पीएम को सौंपा ज्ञापन**



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में मातृभूमि सेवा संघ और क्षत्रिय महासभा ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया। संगठनों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर देशभर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि गौमाता भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और राष्ट्रजीवन की आधारशिला हैं। इसलिए, गौसंरक्षण के लिए कठोर कानून बनाकर गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए और गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए भी ठोस कदम उठाने की मांग की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गौरक्षा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, कृषि और पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा है। उन्होंने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। ज्ञापन सौंपने वालों में आशुतोष सक्सेना, भव्य सिसोदिया, पवन चौधरी, अरुण तोमर, प्रदीप पांडे, सोनू ठाकुर, रिंकू वर्मा, गगन रॉय, अमर कुमार, अंकित चतुर्वेदी और डॉ. राहुल सैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## दो स्थानों पर भीषण आग: दमकल की पांच गाड़ियों ने छह घंटे में पाया काबू, लाखों का नुकसान

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में सोमवार को दो अलग-अलग स्थानों पर भीषण आग लग गई। दमकल विभाग की पांच गाड़ियों ने छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इन घटनाओं में लाखों रुपये का नुकसान हुआ, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई।



पहली घटना निवाड़ी मार्ग स्थित गांव मऊ के बाहर खाली प्लॉटों में हुई, जहां ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में बिटौरे रखे हुए थे। सोमवार दोपहर अचानक बिटौरों के पास धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की ऊंची लपटों ने दस से अधिक बिटौरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वे धू-धू कर जलने लगे। ग्रामीणों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलने पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास किया। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस आग से ग्रामीणों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। गनीमत रही कि दमकलकर्मियों ने समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया, अन्यथा वहां रखे पचास से अधिक बिटौरे भी जल सकते थे।

दूसरी घटना नगर के हापुड़ मार्ग स्थित मोदीपोन कॉलोनी के समीप जंगल में सोमवार दोपहर करीब तीन बजे हुई। यहां भी भीषण आग लग गई, जिससे कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने आग को बढ़ने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती गई।

दमकल की तीन गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग बुझने के बाद कॉलोनीवासियों ने राहत की सांस ली। एफएसओ अमित कुमार ने बताया कि दोनों स्थानों पर लगी आग को पांच गाड़ियों की मदद से बुझा दिया गया और इन घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### हापुड़ में 20 से अधिक झुग्गियां जलकर राख :पास की फैक्ट्री में भी लगी आग

**हापुड़।** हापुड़ के पिलखुवा क्षेत्र में मोदीनगर रोड पर स्थित झुग्गियों में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। इस घटना में 20 से अधिक झुग्गियां जलकर राख हो गईं। आग की लपटें पास की एक फैक्ट्री तक भी पहुंच गईं, जिससे वहां भी आग लग गई। दमकलकर्मी आग बुझाने के प्रयास में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह मोदीनगर रोड पर झुग्गी में अचानक आग लग गई। आग ने लगभग 20 से अधिक झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि झुग्गीवासियों को संभलने का मौका नहीं मिला। आग लगने से झुग्गियों में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपना सामान बचाने के लिए भागते नजर आए। झुग्गियों में रखा घरेलू सामान, कपड़े, राशन और अन्य आवश्यक वस्तुएं जलकर खाक हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

## रोडवेज बस की ट्रक से टक्कर, 12 लोग घायल

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 09 बाईपास पर मंसूरपुर कट के पास अचानक ट्रक का ब्रेक लगने से पीछे से आ रही रोडवेज बस टकरा गई। हादसे में बस चालक समेत 12 यात्री घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।



हालांकि चालक के अलावा किसी को गंभीर चोट नहीं है। पुलिस के अनुसार मंसूरपुर कट के पास सुबह करीब पांच बजे यह हादसा हुआ। हाईवे पर चल रहे एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाए, अचानक पीछे से आ रही नैनीताल डिपो की बस उससे टकरा गई।

हादसा होते ही बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई और मौके पर जाम लग गया।

आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी हापुड़ देहात नीरज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बस चालक सोनू शर्मा निवासी गजरौला समेत 12 घायल यात्रियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में चालक सोनू शर्मा के पैर में गंभीर चोट आई है जबकि अन्य यात्रियों के सामान्य चोट आई है।

पुलिस के अनुसार घायलों में रामनगर नैनीताल निवासी नरेंद्र, लाल सिपारा थाना संतोष भवन जिला पालघर निवासी संतोष, लाल सिपारा थाना संतोष भवन जिला पालघर निवासी ममता गुप्ता, लाल सिपारा थाना संतोष भवन जिला पालघर निवासी बाला गुप्ता, लाल सिपारा थाना संतोष भवन जिला पालघर निवासी आयुष गुप्ता, महेंद्र नगर थाना गद्दा चौकी नेपाल निवासी सरोज, महेंद्र नगर थाना गद्दा चौकी नेपाल निवासी सपना, खाया क्यारी थाना भारत खान जिला अल्मोड़ी निवासी हीरा सिंह, खाया क्यारी थाना भारत खान जिला अल्मोड़ा निवासी मंजीत सिंह, शकरपुर दिल्ली निवासी पार्वती देवी, शकरपुर दिल्ली निवासी विक्रम शामिल हैं।

## जीएनआईओटी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य समापन

**सतत और समावेशी विकास पर केंद्रित सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों की भागीदारी**



**ग्रेटर नोएडा ,करंट क्राइम।** जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, ग्रेटर नोएडा में 'व्यवसाय और शासन में रूपांतरण द्वारा सतत एवं समावेशी विकास' विषय पर आधारित द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह सम्मेलन रूसी राज्य सामाजिक विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधार्थियों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया।

संकर पद्धति में आयोजित इस सम्मेलन में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से व्यापक सहभागिता देखने को मिली। दो दिनों के दौरान 150 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें सतत विकास और समावेशी वृद्धि के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर (डॉ.) अरविंद कुमार उपस्थित रहे। मुख्य वक्ताओं के रूप में रूसी राज्य सामाजिक विश्वविद्यालय की डॉ. त्सारितोवा क्रिस्टीना गेरासिमोव्ना और अजीविका करियर परामर्श की संस्थापक डॉ. आकांक्षा मिश्रा ने समकालीन व्यावसायिक चुनौतियों और सतत विकास पर अपने विचार रखे। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्वदेश कुमार सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में शोध और नवाचार को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। निदेशक भूपेंद्र कुमार सोम ने इसे भारतीय प्रबंधन शिक्षा की वैश्विक पहचान का प्रतीक बताया, जबकि कार्यकारी निदेशक रुचि रायत ने इसे शोध, उद्योग और नीति के बीच प्रभावी सेतु बताया। संयोजक डॉ. अंशुल अग्रवाल और डॉ. प्रियांक कुलश्रेष्ठ ने प्रतिभागियों के योगदान की सराहना करते हुए इसे सफल आयोजन बताया। चयनित शोध पत्रों को द्विस्तरीय समीक्षा के बाद अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित किया जाएगा।

सम्मेलन से पूर्व आयोजित कार्यशाला में शोधार्थियों को उन्नत शोध पद्धतियों का प्रशिक्षण भी दिया गया। जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, ग्रेटर नोएडा एक प्रमुख प्रबंधन संस्थान है, जिसे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और शिक्षा मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है।

### जीडीए ने बुदाना-याकुतपुर में अवैध कॉलोनियों पर चलाया बुलडोजर बिना मानचित्र विकसित की जा रही दो कॉलोनियों को ध्वस्त किया



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने मोदीनगर के बुदाना और याकुतपुर मवी गांवों में दो अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। ये कॉलोनियां बिना मानचित्र स्वीकृति के विकसित की जा रही थीं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंदकिशोर कालाल के आदेश पर प्रवर्तन जोन-दो की ओर से यह कार्रवाई की गई। जोन-दो प्रभारी ने बताया कि बेगमाबाद बुदाना निवाड़ी रोड पर लगभग 4000 वर्ग मीटर क्षेत्र में ओमपाल सिंह द्वारा एक अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह, याकुतपुर मवी निवाड़ी रोड पर खसरा नंबर 85 पर बृजेश कुमार नेहरा, अनीता सिंह, कृष्णपाल, गौरव नेहरा, देवेंद्र सिंह और संदीप चौधरी द्वारा लगभग 7000 वर्ग मीटर में दूसरी अवैध कॉलोनी बनाई जा रही थी। जीडीए की टीम ने दोनों ही स्थानों पर अवैध कॉलोनियों के लिए बनाए जा रहे रास्ते, चारदीवारी और कॉलोनाइजर के साइड ऑफिस को ध्वस्त कर दिया।

## ब्रजघाट में गंगा स्नान के दौरान युवक डूबा

**हापुड़।** ब्रजघाट पर गंगा स्नान के दौरान एक युवक के डूब गया। बताया जा रहा है कि युवक अपने परिजनों के साथ स्नान करने आया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और तेज जलधारा की चपेट में आकर लापता हो गया।



घटना होते ही मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद परिजन घबराहट और सदमे में आ गए। बताया गया है कि युवक के डूबने के बाद उसके परिजन बेहोशी की हालत में हैं और अभी तक कोई भी अपना नाम-पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच गई और युवक की तलाश शुरू कर दी गई है। गंगा में जलस्तर अधिक होने और तेज बहाव के कारण सर्च ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही हैं। आशंका जताई जा रही है कि युवक धारा के साथ बह गया है।

सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि युवक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और परिजनों के होश में आने के बाद ही पूरी जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है।

### जेवर में निकाली गो सम्मान अभियान यात्रा

**ग्रेटर नोएडा।** गोरक्षा गोवंश राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत सोमवार को गोरक्षा के लिए गो सम्मान अभियान यात्रा निकाली। जेवर के दाऊजी मंदिर से निकाली गई यात्रा नगर में घूमी।

इसके बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री यूपी के नाम उप जिलाधिकारी दुर्गेश सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।

यात्रा बाजार से आजाद चौक होते हुए ज्वालिऋषि चौराहे होते हुए तहसील प्रांगण में उपजिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंची। इस मौके पर आचार्य स्वामी, सचिन जैन, मनीष माहेश्वरी, मनीष मंगला, मनीष गोयल आदि मौजूद रहे।

### हापुड़ के पिलखुवा में झुग्गियों में लगी भीषण आग, ऊंची-ऊंची लपटों से सहम गए लोग

**हापुड़।** हापुड़ के पिलखुवा नगर के मोदीनगर रोड पर कूड़ा बीनने वाले लोगों की झुग्गियों में सोमवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग की ऊंची ऊंची लपटों से आसपास के इलाके में अफरा तफरी मच गई।



मौके पर सैकड़ों लोग जमा हो गए और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि अधिकतर झुग्गियां खाली थी ऐसे में कोई हताहत नहीं हुआ। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड आग बुझाने के प्रयास में जुटी थी।

चीफ फायर ऑफिसर अजय शर्मा ने कहा, ₹यहां एक झुग्गी बस्ती में आग लग गई। 8 फायर टेंडर की मदद से 40 'झुग्गियों' को बचाया गया है। आग पास की 2 इंडस्ट्रियल यूनिट्स तक फैल गई। आग पर काबू पाया जा रहा है।'




## स्नैचिंग बढ़ाएगी अभी और बड़ी टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से सोमवार को एक के बाद एक आदेश आए, तो कई चौकी प्रभारियों को दिन दहाड़े 41 डिग्री में ही तारे नजर आ गए। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से एक सस्पेंशन और पांच लाइन हाजिरी वाले आदेश हुए है, उसके बाद कई चौकी प्रभारी टेंशन और अटेंशन वाले मोड में आ गए हैं। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से स्नैचिंग को लेकर एक्शन हुआ है, तो इसका रिएक्शन आगे आने वाले दिनों में और बढ़ सकता है। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के तीनों जोन के लिए कहा जाता है कि यहां लगातार वारदात होती हैं। कभी सुबह सूरज की पहली किरण के साथ तो कभी शाम को डूबता सूरज के साथ। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक चर्चा और हो रही है कि जो साहब क्राइम के लिए जिम्मेदार हैं ,उनकी मीटिंग कम हो रही है और जो नहीं हैं वह ज्यादा अटेंशन में हैं। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि यह जो कार्रवाई वाला करंट दिया गया है, उसमें दो दरोगाओं के मामले कुछ और भी बताए जा रहे हैं। जो वह गुल इलाके में खिला रहे थे। बताया जा रहा है एक मामला नदिया पार के बड़े भगवा पावर हाउस से जुड़ा हुआ है, तो दूसरा मामला रात वाले उस अड्डे का है, जहां पुलिस के हाथ गंदे थे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से स्नेचिंग की वारदात पर चौकी के प्रभारी टू-स्टार हटाए गए हैं, उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में आठ चौकी खाली हो गई हैं। अब देखना होगा इन चौकी के लिए किन राइट फेस और किसकी प्लेस पड़ती है। वैसे बताया जा रहा है कि अभी मई के पहले सप्ताह में भी पास वाले कमिश्नरेट में टेंशन और अटेंशन रहेगी। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एडीसीपी स्तर के दो अधिकारियों की एंट्री हो गई है और सूत्र बता रहे हैं कि पुराने वाले साहब का सिक्का यूं ही बरकरार रहेगा। वह क्राइम कंट्रोल से पूरे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का झंडा बुलंद रखने का काम करेंगे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने वाले समय में 8 से अधिक टू-स्टारों को लिस्ट में मौका मिलने की संभावना जताई जा रही है।



## तीन बार अलर्ट होने के बाद कटेगी प्रीपेड मीटर की बिजली

**हापुड़।** प्रीपेड मीटरों से बिजली की सप्लाई अब तीन बार अलर्ट संदेश के बाद कटेगी। उपभोक्ताओं के बढ़ते विरोध पर विस्तृत गाइडलाइन बिजलीघरों को जारी की गई है। साथ ही साइबर फ्रॉड से बचने के लिए भी उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है।



जिले में 25 हजार से ज्यादा मीटर प्रीपेड किए जा चुके हैं। इन उपभोक्ताओं को बिजली तब मिल रही है जब वह मीटर रिचार्ज कर रहे हैं। हापुड़ में आए दिन उपभोक्ता सड़क, कार्यालयों में आकर इन मीटरों का जबरदस्त विरोध कर रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप रहता है कि बिना सूचित किए ही बिजली काट दी जाती है। ऐसे में निगम की ओर से जारी अधिसूचना में अब तीन अलर्ट के बाद ही बिजली काटने की बात सामने आयी है। इसमें पहला अलर्ट मोबाइल पर तब आएगा जब पिछले रिचार्ज का महज 30 प्रतिशत पैसा ही बचा होगा।

इसके अलावा ऑनलाइन प्लेटफार्म पर साइबर ठगी न हो, इसके लिए उपभोक्ता सिर्फ यूपीपीसीएलटी और यूपीपीसीएलए के हेडर से आने वाले एसएमएस ही सही मानें। रिचार्ज करने के लिए निर्धारित एप का ही प्रयोग करें।

### वायरल बुखार का बदला स्वरूप, सात दिन तक कर रहा परेशान

**हापुड़।** वायरल बुखार का बदला स्वरूप मरीजों को परेशान कर रहा है। छह से सात दिन में भी बुखार नहीं उतर रहा। साथ में खांसी, जुकाम और सिर दर्द सेहत तोड़ रहा है। जन आरोग्य मेलों में रविवार को ऐसे 70 से ज्यादा मरीज पहुंचे। मेले में करीब 887 मरीजों ने उपचार करवाया। सीएमओ ने निरीक्षण कर व्यवस्था भी परखी।

रविवार को जिले में 19 स्थानों पर जन आरोग्य मेले लगाए गए। सीएमओ डॉ.वेदप्रकाश ने केंद्रों का निरीक्षण कर, मरीजों से फीडबैक लिया। उन्होंने बताया कि वायरल बुखार से पीड़ित मरीजों में इस बार अलग लक्षण दिख रहे हैं। पहले पांच दिन में बुखार उतर जाता था, लेकिन इस बार सात दिन से भी ज्यादा समय लग रहा है। इसके अलावा मरीजों में जुकाम, खांसी और सिर दर्द भी समस्या का सबब बन रहा है। लिवर पर सूजन से मरीजों में उल्टियां लगने जैसे समस्याएं आ रही हैं। मरीजों को दवाओं के सेवन के साथ ही खान पान में भी सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

## विश्व हिंदू महासंघ की मातृशक्ति प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व हिंदू महासंघ की मातृशक्ति प्रकोष्ठ की बैठक इंदिरापुरम के शिप्रा सन सिटी में कई गई। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष तूलिका शर्मा, प्रदेश महामंत्री प्रीति प्रिया, गौतम बुद्धनगर जिलाध्यक्ष सोनम झा एवं मेरठ मंडल संयोजक अनिता गौतम के सानिध्य में संपन्न हुआ।



पूनम कपूर को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद पर हेमलता वर्मा और शारदा, महामंत्री पद पर निरुपमा सिंह व विंदा चावरे को जिमेदारी दी गई। अन्य पदाधिकारियों में मंत्री उषा यादव, नीति कुलश्रेष्ठ, सारिका दुआ, कुमकुम, जूली रानी, रीटा छाबड़ा और अपर्णा उर्वशी शामिल हैं। बैठक में हिंदू संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में वार्ड 100 के पार्षद संजय सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**Ashish Chaudhary + 20.**
9h ·
वैवाहिक वर्षगांठ




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद शिल्पा चौधरी और भाजपा महानगर मंत्री आशीष चौधरी ने अपने सफल, सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन का एक और पड़ाव पूरा किया। वैवाहिक जीवन की यात्रा में दोनों ने पूरे हर्ष के साथ विवाह के नये वर्ष में कदम रखा। जीवन का ये सफर और एक दूसरे के हमसफर शिल्पा चौधरी और आशीष चौधरी ने अपने इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनकी ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# पत्रकार पर भड़के ट्रंप: टॉमस के आरोप पर सवाल सुनकर बोले- हमलावर मानसिक रोगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक टीवी इंटरव्यू में उस समय भड़क गए, जब पत्रकार ने व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर शूटिंग के आरोपी के कथित मैनिफेस्टो का जिक्र किया। ट्रंप ने दस्तावेज में लगाए गए आरोपों को झूठा बताते हुए पत्रकार पर तीखा हमला बोला। आइए विस्तार से जानते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक टीवी इंटरव्यू के दौरान पत्रकार से तीखा विवाद हो गया। यह टकराव उस समय हुआ जब उनसे वाशिंगटन हिल्टन में आयोजित व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हुई गोलीबारी और आरोपी कोल टॉमस एलन के कथित घोषणापत्र (मैनिफेस्टो) को लेकर सवाल पूछा गया।



इंटरव्यू के दौरान पत्रकार नोराह ओ'डोनेल ने संदिग्ध हमलावर द्वारा कथित रूप से लिखे गए दस्तावेज के कुछ अंश पढ़कर सुनाए। दस्तावेज में प्रशासनिक अधिकारियों को निशाना बताए जाने का दावा किया गया था। साथ ही उसमें 'बाल यौन शोषण करने वाला, दुष्कर्मी और देशद्रोही' जैसे शब्द भी लिखे होने की बात कही गई।

इस पर ट्रंप नाराज हो गए और उन्होंने पत्रकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मैं इंतजार कर रहा था कि आप यह पढ़ें, क्योंकि आप लोग बहुत खराब हैं। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मैं दुष्कर्मी नहीं हूं... मैंने किसी के साथ ऐसा कुछ नहीं किया।

जब उनसे पूछा गया कि क्या दस्तावेज में लिखी बातें उनके लिए थीं, तो ट्रंप ने बीच में रोकते हुए कहा, मैं बच्चों का यौन शोषण करने वाला नहीं हूं... आप किसी मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति की लिखी बात पढ़ रही हैं? मुझे पूरी तरह निर्दोष साबित किया जा चुका है।

**इंटरव्यू के दौरान बढ़ा तनाव**

बातचीत तेजी से गरमा गई। ट्रंप ने पत्रकार पर आरोप लगाया कि वह एक खराब मानसिक संतुलन वाले व्यक्ति के शब्दों को मंच दे रही हैं। उन्होंने इस तरह के सवालों को शर्मनाक बताया। साथ ही कहा कि जांच एजेंसियां हमलावर के मकसद की पड़ताल कर रही हैं, लेकिन ऐसे दस्तावेजों को सार्वजनिक मंच नहीं दिया जाना चाहिए।

**होटल में कई दिनों से रुका था आरोपी:** अधिकारियों के अनुसार, संदिग्ध व्यक्ति वाशिंगटन हिल्टन में कई दिनों से ठहरा हुआ था और उसने कार्यक्रम स्थल की पहले से रेकी की थी। उसके पास से मिले नोट्स में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए गए थे, जिनमें निगरानी और हथियारबंद सुरक्षा की कमी का उल्लेख बताया गया। जांच एजेंसियों का मानना है कि उसका निशाना प्रशासन के वरिष्ठ सदस्य हो सकते थे, जिससे बड़े हमले या हत्या की साजिश की आशंका भी जताई गई।

**कार्यक्रम में मची अफरा-तफरी**

गोलीबारी की खबर मिलते ही कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। उस समय हॉल में सैकड़ों राजनीतिक हस्तियां, पत्रकार और मेहमान मौजूद थे। यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने तुरंत ट्रंप को मंच से हटाया, जबकि कई लोग टेबलों के नीचे छिप गए। कुछ ही देर बाद आरोपी को संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

**ट्रंप बोले- मुझे डर नहीं लगा**

बाद में ट्रंप ने कहा कि मैं चिंतित नहीं था। हम एक पागलपन भरी दुनिया में जी रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह तुरंत बाहर जाने के बजाय यह देखना चाहते थे कि आखिर हुआ क्या है। ट्रंप ने माना कि इससे सुरक्षा एजेंसियों को उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाने में थोड़ी देरी हुई।

# अमेरिकी नाकाबंदी से ईरान पर बढ़ रहा दबाव

## यूएस सेंट्रल कमान का दावा- तेहरान के रोके 38 जहाज

**वॉशिंगटन।** अमेरिका द्वारा ईरान के जलक्षेत्र की नाकाबंदी जारी है। अब अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमान ने एक बयान में कहा है कि उन्होंने नाकाबंदी के तहत अब तक ईरान के 38 जहाजों को रोका है।



होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नाकाबंदी जारी है। अब अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने एक बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने अभी तक ईरान के 38 जहाजों को रोका है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इन जहाजों को ईरान के जलक्षेत्र में आने और बाहर जाने से रोका गया। अमेरिकी सेना ने ये भी कहा कि वे लगातार ईरानी जलक्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं।

एक तरफ ईरान और अमेरिका के बीच पर्दे के पीछे से समझौते की कोशिशें जारी हैं, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने ईरान पर दबाव बनाने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी की हुई है। समझौते पर बातचीत के लिए ईरान के विदेश मंत्री सोमवार को रूस पहुंचे हैं, जहां वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। अमेरिका द्वारा पश्चिम एशिया में सैन्य तैनाती बढ़ाई गई है, जिसे ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

**ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए दिया प्रस्ताव**

ईरान ने अमेरिका को होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने और युद्ध खत्म करने का एक नया प्रस्ताव दिया है। हालांकि इस नए प्रस्ताव में परमाणु मुद्दे का कोई जिक्र नहीं हुआ है। इस रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी और मामले से जुड़े दो सूत्रों का हवाला दिया गया है। अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सियोस के मुताबिक, इस प्रस्ताव का मकसद बातचीत में मौजूदा रुकावट को खत्म करना और ईरानी नेतृत्व के अंदर न्यूक्लियर रियायतों के दायरे को लेकर चल रही असहमति को बाईपास करना है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'यदि नाकाबंदी को हटाया जाता है और अमेरिकी हमले पूरी तरह से खत्म हो जाते हैं तो यूरेनियम संवर्धन के स्टॉक को हटाने और भविष्य में संवर्धन रोकने को लेकर ईरान के साथ किसी भी बातचीत में राष्ट्रपति ट्रंप का असर खत्म हो जाएगा। इस बीच, तीन अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति सोमवार को अपनी शीर्ष राष्ट्रीय और विदेश नीति टीम के साथ युद्ध को लेकर सिचुएशन रूम मीटिंग कर सकते हैं।

# प. एशिया: हिजबुल्ला का इस्राइल से सीधी बातचीत से इनकार

## दक्षिणी लेबनान में IDF के हमले, नेतन्याहू ने क्या कहा




**बेरूत (लेबनान)।** हिज्बुल्लाह ने इस्राइल से किसी भी तरह की सीधी बातचीत से साफ इनकार किया और हथियार न छोड़ने की बात दोहराई। साथ ही लेबनान सरकार पर बेवजह जल्दबाजी करने का आरोप लगाया। उसने जोर दिया कि टकराव की स्थिति में संगठन पूरी तरह तैयार है। उधर, आईडीएफ ने दक्षिण लेबनान में हमले करने का दावा किया है।

हिजबुल्ला प्रमुख नईम कासिम ने सोमवार को एक बार फिर इस्राइल से सीधी बातचीत से इनकार किया। कासिम ने कहा कि संगठन इस्राइली आक्रामकता के खिलाफ अपना विरोध जारी रखेगा। अल जजीरा की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

**हिजबुल्ला प्रमुख नईम कासिम ने क्या कहा?**

कासिम ने कहा, इस्राइल से सीधी बातचीत का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि हिजबुल्ला अपने हथियार नहीं डालेगा और उसकी मुकाबले के लिए पूरी तैयारी है। उन्होंने लेबनान सरकार की आलोचना भी की।

कासिम ने कहा, सरकार ने बेवजह जल्दबाजी में (इस्राइल को) रियायत दी है। उन्होंने कहा कि वह सीधी बातचीत को पूरी तरह खारिज करते हैं। सरकार को अप्रत्यक्ष बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए।

**दक्षिण लेबनान में हमलों पर आईडीएफ ने क्या कहा?**

इस बीच, इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि उसके सैनिकों ने रविवार को दक्षिण लेबनान में तत्काल खतरे को निशाना बनाया। आईडीएफ के मुताबिक, सैनिकों ने तीन लोगों को देखा जो उनके अभियान वाले इलाके के पास आ रहे थे और खतरा पैदा कर रहे थे। इसके बाद इस्राइली वायुसेना ने उन्हें मार गिराया।

आईडीएफ ने यह भी कहा, हिजबुल्ला के ठिकानों पर अतिरिक्त हमले किए गए। इसमें बिंत जबैल सेक्टर के मुख्यालय समेत कई सैन्य ढांचे शामिल थे।

हमलों के बाद वहां विस्फोट भी हुए, जिससे संकेत मिला कि इलाके हथियार मौजूद थे। आईडीएफ ने दोहराया कि वह इस्राइली नागरिकों और सैनिकों की सुरक्षा के लिए इस तरह की कार्रवाई जारी रखेगा।

**ट्रंप ने की थी युद्धविराम को बढ़ाने की घोषणा**

इससे पहले, 23 अप्रैल को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइल और लेबनान के बीच युद्धविराम को तीन हफ्तों के लिए बढ़ाने की घोषणा की थी। ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका लेबनान को हिज्बुल्ला से सुरक्षा देने में मदद करेगा।

### इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने क्या कहा

इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया कि लेबनान में युद्धविराम हिज्बुल्लाह की वजह से कमजोर हो रहा है।

नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइली सेना लेबनान में सक्रिय है और जरूरत पड़ने पर ताकत से जवाब देगी।

उन्होंने कहा कि इस्राइल की प्राथमिक जिम्मेदारी अपने नागरिकों, सैनिकों और उत्तरी सीमा के निवासियों की सुरक्षा है।

उन्होंने कहा कि इस्राइली सेना तय नियमों के साथ अमेरिका और लेबनान के साथ मिलकर काम कर रही है।

# आम चुनावों के बाद अब बार एसोसिएशन का भी चुनाव नहीं लड़ सकेगी शेख हसीना की अवामी लीग

**ढाका।** बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने 13-14 मई के चुनाव में अवामी लीग समर्थक वकीलों को चुनाव लड़ने से रोकने का फैसला किया है। यह निर्णय पार्टी पर लगे प्रतिबंध का हवाला देते हुए लिया गया। आइए विस्तार से जानते हैं।

बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्यों ने आगामी वार्षिक चुनाव में अवामी लीग समर्थक वकीलों को चुनाव लड़ने से रोकने का फैसला किया है। यह चुनाव 13 और 14 मई 2026 को प्रस्तावित है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह निर्णय रविवार को ढाका में आयोजित एसोसिएशन की एक असाधारण आम बैठक में लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता एससीबीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हुमायूं कबीर मंजू ने की, जिन्हें बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) समर्थक वकील माना जाता है। बैठक में करीब 300 वकील शामिल हुए। रिपोर्ट्स के अनुसार, इनमें अधिकांश बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी समर्थक थे।

**100 सदस्यों ने क्या मांग की थी?**

SCBA सचिव बैरिस्टर मोहम्मद महफुजुर रहमान मिलोन ने बताया कि



करीब 100 सदस्यों ने पहले नेतृत्व से मांग की थी कि अवामी लीग समर्थक वकीलों को चुनाव से बाहर रखने पर निर्णय लिया जाए, क्योंकि पार्टी की गतिविधियों पर आतंकवाद विरोधी अधिनियम, 2009 के तहत प्रतिबंध है। दरअसल पहले ही शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि आम सदस्यों की राय के आधार पर फैसला लिया गया कि अवामी लीग समर्थित सम्मिलिता आइंजीबी समन्वय परिषद और बंगबंधु अवामी आइंजीबी परिषद से जुड़े वकील या इन संगठनों के पदाधिकारी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। हालांकि, मिलोन ने स्पष्ट किया कि ऐसे वकील स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में उतर सकते हैं।

यह चुनाव SCBA के 14 कार्यकारी पदों, जिनमें अध्यक्ष और सचिव जैसे अहम पद शामिल हैं, के लिए कराया जाएगा। निर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकाल एक वर्ष का होगा।

### मानवाधिकार संगठन ने जताई चिंता

इस बीच फ्रांस स्थित मानवाधिकार संगठन जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश फ्रांस में (JMBF) ने हाल के दिनों में बांग्लादेश के बार एसोसिएशन चुनावों में कथित अनियमितताओं और राजनीतिक विचारधारा के आधार पर अवामी लीग समर्थक वकीलों के नामांकन रद्द किए जाने की निंदा की है। संगठन ने आरोप लगाया कि विभिन्न जिलों, मुंशीगंज, मयमनसिंह, ठाकुरगांव, पंचगढ़, खुलना, नाराइल और सुनामगंज में पुलिस हस्तक्षेप के जरिए ऐसे वकीलों को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखा जा रहा है।

# उत्तरी टेक्सास में आए बवंडर से दो लोगों की मौत, कई घर तबाह



**वाशिंगटन।** अमेरिका के उत्तरी टेक्सास में शनिवार रात आए भीषण बवंडर ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कई घर पूरी तरह नष्ट हो गए। अधिकारियों के अनुसार, बवंडर की वजह से कम से कम 20 परिवार बेघर हो गए हैं। वाइज काउंटी के रनवे बे इलाके में 217 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाले 'एफ्र2' बवंडर ने एक व्यक्ति की जान ले ली। यहां सड़कों पर मलबा जमा होने और बिजली के खंभे गिरने से राहत कार्य में दिक्कत आ रही है। वहीं, स्प्रिंगटाउन में 'EF-1' बवंडर की चपेट में आने से दूसरे व्यक्ति की मौत हुई। इस इलाके में बड़े पैमाने पर बिजली गुल है। मौसम विभाग ने बताया कि यह तूफान विचिटा फॉल्स से शुरू होकर फोर्ट वर्थ के पश्चिम की ओर बढ़ा। एजल शहर के पास भी एक बेहद खतरनाक बवंडर देखा गया। फिलहाल राहत टीमें मलबे को हटाकर प्रभावित लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं।

# ताइवान के पास चीन की सैन्य गतिविधि तेज

**ताइवान।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को जानकारी दी कि उसके आसपास चीन की सैन्य गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी गई है। मंत्रालय के अनुसार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक चीन के 7 सैन्य विमानों की उड़ानें और 9 नौसैनिक जहाज ताइवान के आसपास सक्रिय पाए गए। इनमें से 7 में से 6 विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (अउक्रे) में प्रवेश कर चुके थे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि देश की सशस्त्र सेनाएं स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं और आवश्यक जवाबी कार्रवाई की जा रही है।

इससे पहले रविवार को भी इसी तरह की गतिविधि दर्ज की गई थी, जब चीन के 28 सैन्य विमान और 8 नौसैनिक जहाज ताइवान के आसपास देखे गए थे। इनमें से 18 विमान ताइवान के उत्तरी, मध्य और दक्षिण-पश्चिमी अउक्रेमें प्रवेश कर चुके थे।

# बीएलए ने दस दिनों में बलूचिस्तान में किए 27 हमले, 42 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने एक बयान जारी कर दावा किया है कि उनके विभिन्न ऑपरेशन में 42 पाकिस्तानी सैनिक ढेर हो गए हैं। बीएलए ने कहा कि उन्होंने 15 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल तक कई बार पाकिस्तानी सुरक्षाबलों को निशाना बनाया।



बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने कहा है कि उन्होंने 15 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर 27 हमले किए हैं। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलोच ने एक बयान जारी कर हमलों की जिम्मेदारी ली। द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया कि संगठन के लड़ाकों ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हुए आईईडी विस्फोट, घात लगाकर हमले, छापेमारी और ड्रोन हमले किए।

**बीएलए का दावा- 42 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों को बनाया निशाना**

बीएलए ने दावा किया कि इस दौरान 42 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हुए और एक सैनिक को बंदी बना लिया गया। बीएलए ने पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की कई चौकियों पर कब्जा करने और पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के हथियार लूटने का भी दावा किया। बीएलए ने बयान में यह भी स्वीकार किया कि पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के साथ हुई झड़पों में उसके तीन लड़ाके मारे गए।

पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की कार्रवाई में 11 आम नागरिकों की मौत

बीएलए के अनुसार, उसके लड़ाकों ने सोहंदा क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना को रिमोट कंट्रोल आईईडी से निशाना बनाया और इसके बाद घात लगाकर हमला किया, जिसमें कई जवानों के मारे जाने का दावा किया गया। बयान में यह भी आरोप लगाया गया कि हमले के बाद में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने नागरिक क्षेत्रों में कार्रवाई की, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। बीएलए ने ये भी कहा कि उन्होंने खारान के अलमार्क क्षेत्र में आईईडी और घात लगाकर हमले किए गए, जिससे सुरक्षा बलों को पीछे हटना पड़ा और उन्हें नुकसान हुआ।

इसके अलावा, कोहलू जिले में एक कथित सरकारी समर्थक सशस्त्र व्यक्ति की हत्या की जिम्मेदारी भी ली गई। संगठन ने बेसिमा क्षेत्र में भी सशस्त्र समूहों और सुरक्षा बलों पर हमले कर नुकसान पहुंचाने का दावा किया। बीएलए के मुताबिक, हरनाई के शहराग इलाके में झड़प के दौरान एक सैनिक को जिंदा पकड़ लिया गया। वहीं झल मगसी में एक चौकी पर कब्जा कर हथियार जब्त करने का भी दावा किया गया।

# भ्रष्टाचार मामले में पीएम नेतन्याहू की गवाही फिर टली, सुरक्षा कारणों से कोर्ट की कार्यवाही स्थगित

**संयुक्त राष्ट्र।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार मामले में उनकी गवाही एक बार फिर टाल दी गई है। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अदालत ने सुनवाई स्थगित कर दी। यह मामला चर्चित केस 4000 से जुड़ा है, जिसमें नेतन्याहू पर कारोबारी हितों के बदले अनुकूल मीडिया कवरेज लेने का आरोप है।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे में उनकी गवाही दोबारा टाल दी गई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोमवार को दो महीने के अंतराल के बाद उनकी गवाही फिर शुरू होनी थी, लेकिन अंतिम समय में इसे स्थगित कर दिया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू के वकील अमित हदद ने अदालत के सामने विशेष सुरक्षा चिंताओं का



हवाला देते हुए कार्यवाही टालने की मांग की थी। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई रोक दी। हालांकि सुरक्षा जोखिम क्या हैं और अगली तारीख कब होगी, इस पर तत्काल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

**पिछले हफ्ते भी रद्द हुई थी पेशी**

इससे पहले यरूशलेम जिला अदालत ने नेतन्याहू की इस सप्ताह तय पेशियों को भी रद्द कर दिया था। अदालत ने बचाव पक्ष की उस दलील को स्वीकार किया था, जिसमें सुरक्षा और कूटनीतिक कारण बताए गए थे। कोर्ट ने नेतन्याहू की अनुपस्थिति में दूसरे गवाह की गवाही दर्ज करने की अनुमति दे दी। मंगलवार को प्रस्तावित सुनवाई भी रद्द कर दी गई है।

**अभियोजन पक्ष ने जताई आपत्ति:** राज्य अटॉर्नी कार्यालय ने इस फैसले का विरोध करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री को अदालत की कार्यवाही के अनुसार अपना कार्यक्रम तय करना चाहिए, ताकि जिरह जल्द पूरी हो सके और यह जनहित में भी है।

**केस 4000 में गंभीर आरोप**

यह मामला चर्चित केस 4000 या बेजेक-वाला मामले से जुड़ा है, जिसे नेतन्याहू के खिलाफ सबसे गंभीर मामलों में माना जाता है। आरोप है कि उन्होंने कारोबारी शाऊल एलोविच की बेजेक कंपनी को फायदा पहुंचाने वाले नियामकीय फैसले करवाए, बदले में वाला न्यूज वेबसाइट पर अनुकूल कवरेज हासिल किया। नेतन्याहू ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है।

# बिश्केक पहुंचे राजनाथ सिंह SCO रक्षा मंत्रियों की बैठक में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक पहुंचे, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। शंघाई सहयोग संगठन के सदस्यों में भारत, रूस, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान और बेलारूस शामिल हैं। बिश्केक में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "27-28 अप्रैल को एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बिश्केक पहुंचे, जहां मैनस एयरपोर्ट पर राजदूत ने उनका स्वागत किया।"



किर्गिस्तान रवाना होने से पहले राजनाथ सिंह ने कहा कि वह दुनिया में चल रही सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारत की वैश्विक शांति के प्रति प्रतिबद्धता को सामने रखेंगे। साथ ही वह आतंकवाद और चरमपंथ के खिलाफ भारत की 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को भी दोहराएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, मैं किर्गिस्तान के बिश्केक जा रहा हूं। कल होने वाली एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने की उम्मीद है।

# अमेरिका-ईरान में शांति वार्ता क्यों नहीं: कहां अटकी है बात, क्या है नया प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर हालात लगातार गंभीर होते नजर आ रहे हैं। बातचीत को लेकर अनिश्चितता के बीच अब ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि स्थिति कभी भी टकराव में बदल सकती है। इस बीच ट्रंप की तरफ से ईरान के तेल के इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाने की धमकी दी जा चुकी है। इस पर ईरान ने भी पलटवार करते हुए कहा कि हमले में अमेरिका के मददगारों को चार गुना कीमत चुकानी होगी।



कभी हां, कभी न। वैसे तो यह एक फिल्म का भी नाम है, लेकिन मौजूदा समय में कुछ इसी तरह की स्थिति अमेरिका और ईरान में शुरू हुई शांति वार्ता को लेकर बनी हुई है। दरअसल, 8 अप्रैल को अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच दो हफ्ते के युद्ध विराम पर सहमति बन गई थी और इसके ठीक बाद दोनों ही देशों के शीर्ष प्रतिनिधि पाकिस्तान में साथ बैठे भी। लेकिन शांति वार्ता पर कोई सहमति नहीं बन पाई। तब से लेकर अब तक न तो दोनों पक्षों के बीच शांति वार्ता पर सीधी बात हुई है और न ही दोनों में से कोई पीछे हटने के लिए तैयार है।

एक मौके पर जब अमेरिका ने पुरानी शर्तों के साथ ईरान को शांति स्थापित करने का मौका दिया तो ईरान ने इसे स्वायत्तता पर सीधा हमला करार देते हुए नकार दिया था। इसके बाद जब ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोल कर शांति का संदेश दिया तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कर दिया कि उनकी तरफ से होर्मुज के बाहर लगाया गया ब्लॉकेड तब तक नहीं हटेगा, जब तक ईरान अमेरिका की मांगों को पूरा नहीं करता।

**8 अप्रैल:** अमेरिका और ईरान के बीच लगभग छह सप्ताह के हमलों के बाद 14 दिन का युद्ध विराम लागू हुआ।

**11 अप्रैल:** स्थायी समझौते के लिए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में अमेरिका और संसद के स्पीकर बाघेर गालिबाफ के नेतृत्व में ईरानी प्रतिनिधिमंडल के बीच पाकिस्तान में बातचीत हुई, लेकिन 21 घंटे की चर्चा के बाद यह बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। ईरान और अमेरिका दोनों ने एक-दूसरे पर संघर्ष विराम के उल्लंघन का आरोप लगाया। होर्मुज बंदी के खिलाफ ट्रंप ने होर्मुज से जहाजों की आवाजाही पर रोक लगा दी। दोनों देशों ने वाणिज्यिक जहाजों को पकड़ना और रोकना शुरू कर दिया।

**21 अप्रैल:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध विराम खत्म होने से ठीक पहले बिना ईरान से बातचीत के ही इसकी समयसीमा को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया।

**24 अप्रैल:** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने मध्यस्थता के लिए इस्लामाबाद का दौरा किया और पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की।

**25 अप्रैल:** डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से बातचीत के लिए इस्लामाबाद जाने वाले अपने वातार्कारों (स्टीव विटकॉफ और जैरेड कुशनर) की यात्रा अचानक रद्द कर दी।

**26 अप्रैल:** ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका अब अपने प्रतिनिधि पाकिस्तान नहीं भेजेगा और अगर ईरान बात करना चाहता है, तो उसे टेलीफोन करना होगा। दूसरी तरफ ईरानी विदेश मंत्री अरागची ओमान में चर्चा करने के बाद फिर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे।

**27 अप्रैल:** ईरानी विदेश मंत्री अरागची रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने के लिए सेंट पीटर्सबर्ग (रूस) पहुंचे हैं। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम लागू हुए अब तीन हफ्ते बीतने वाले हैं। हालांकि, पाकिस्तान में एक बैठक को छोड़ दिया जाए तो दोनों देश अब तक शांति वार्ता पर बात तक नहीं शुरू कर पाए हैं। कूटनीतिक गतिरोधों, बुनियादी मांगों में टकराव और बातचीत के तरीकों में भारी अंतर के कारण दोनों ही देशों के बीच वार्ता अटकी हुई है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# लोनी में जाटव समाज के युवक की निर्मम हत्या पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर का फूटा आक्रोश

## पीड़ित परिवार से मिलकर दिया न्याय का भरोसा





**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी क्षेत्र के बागरानप इलाके में जाटव समाज के युवक सोनू जाटव की नृशंस हत्या की घटना की सूचना मिलते ही लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर तत्काल पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस जघन्य हत्या पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक युवक की हत्या नहीं, बल्कि जेहादियों द्वारा समाज को डराने और कानून व्यवस्था को चुनौती देने का प्रयास है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दोषियों को ऐसी सजा दिलाई जाएगी कि आने वाली 7 पीढ़ियां याद रखेंगी। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुलिस प्रशासन पर विश्वास जताते हुए कहा कि लोनी में जब-जब जेहादियों तत्वों और कट्टरपंथियों ने सिर उठाने का प्रयास किया है, पुलिस ने उन्हें करारा जवाब दिया है। इस मामले में भी कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

विधायक ने मृतक सोनू जाटव के परिवार को हर संभव आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया और कहा कि परिवार की सभी मांगें पूरी तरह जायज हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं परिवार को लेकर मुख्यमंत्री से भेंट कराएंगे और हर स्तर पर न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेंगे। विधायक ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में इस प्रकार की घटना पहली बार सामने आई है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर 25 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर सोमवार को बिसरख क्षेत्र के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान प्राधिकरण की टीम ने अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त करते हुए करीब 25 हजार वर्ग मीटर जमीन को कब्जे से मुक्त कराया। प्राधिकरण द्वारा की जा रही कार्रवाई से भू-माफिया सकते में हैं।

जानकारी के अनुसार, कालोनाइजर डूब क्षेत्र में बाउंड्री बनाकर अवैध कॉलोनी विकसित करने का प्रयास कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान वर्क सर्किल-3 की टीम ने खसरा संख्या 333 और 334 पर किए गए अतिक्रमण को पूरी तरह हटाया। प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने स्पष्ट किया कि अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ग्रेटर नोएडा में जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से पूरी जानकारी अवश्य लें, ताकि अवैध कॉलोनियों में निवेश से बचा जा सके। कार्रवाई के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर, प्रबंधक प्रशांत समाधिया सहित प्राधिकरण की टीम मौजूद रही। अवैध प्लॉटिंग करने वालों को चेतावनी दी गई है कि दोबारा निर्माण करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि प्राधिकरण की ओर से इससे पहले तिलपता, रोजा याकूबपुर, खेड़ा चौगानपुर और चिपियाना बुजुर्ग क्षेत्रों में भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा चुका है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम में जब मिला नदियापार के शर्मा पार्षद को बहुत ज्यादा तनाव? तो उन्हें हो गया फिर धर्म और अध्यात्म से कुछ ज्यादा ही लगाव? सुना है पार्षद जी पहुंच गये सुनने के लिए कथा? यहां बिताया उन्होंने काफी टाईम और सुनाई किसी को मन की व्यथा? नदियापार के शर्मा पार्षद भी कुछ आहत से नजर आये निगम से आने के बाद?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नगर निगम में जब हो गया नोंक झोंक और जमीन पर बैठने वाला सीन? तब उपाध्यक्ष वाले कमरे में दरवाजा बंद करने के बाद क्या रणनीति बनी है बहुत ही महीन? निगम वालों ने ही बताया जब डेढ़ घंटे तक चली बैठक के बाद भी दरवाजा नहीं खुल पाया, तब निगम के पार्षद ने ही दी दस्तक और 90 मिनट्स के बाद दरवाजा खुलवाया? कहने वाले ने कहा कि कुछ ऐसे बने हालात कि सभी खिलाड़ियों ने वाईस कैप्टन को सौंप दी है अपने मन की बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब नारी शक्ति की आवाज बुलंद करनी थी तो नदियापार के ठाकुर पार्षद ने अपनी कार का रूख लिया मोड़? क्या उन्हें कोई काम था या उन्होंने खुद ही दी थी निगम वाली ये बैठक छोड़? कहने वाले ने कहा कि उनकी तो पत्नी भी रही हैं पार्षद? तो उन्हें पूरे गौरव के साथ यहां करनी चाहिए थी आमद? उन्हें उठानी चाहिए थी आवाज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पार्षद कर रहे हैं अब रिलैक्स होने के लिए फिर से टूर की तैयारी? कहने वाले ने कहा कि उन्होंने अपने डिप्टी मेयर को सौंप दी है पूरे आयोजन की जिम्मेदारी? सुना है मामला हो रहा है टूर को लेकर पूरी तरह से सेट? क्या पार्षदों के टूर की लोकेशन रहने वाली है जिम कारबेट? जल्द ही हो जायेगी टूर की अपडेट जानकारी इस बार पहले से ज्यादा पार्षद दिखायेंगे इस आयोजन में भागीदारी? सुना है इस बार तीन दिन का रहेगा टूर? आयोजकों का दावा एन्जॉय और मस्ती रहेगी भरपूर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया के उस पार चल रही है पूर्व मंडल अध्यक्ष और पूर्व पार्षद के बीच सियासी घमासान? कहने वाले ने कहा कि दोनों ही चेहरे हैं भगवा चौहान? दोनों के बीच आ गया है शब्दों का क्रांतिकारी उफान? पूर्व पार्षद और मंडल प्रधान के बीच है किस बात को लेकर घमासान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कौन से नामित पार्षद ने अभी से भर ली है पार्षदी का चुनाव लड़ने की हुंकार? क्या उस पार्षद को किसी पूर्व नामित पार्षद ने ही बता दिया यहां टिकट नहीं मिलता है किसी भी नामित को? उन्होंने फिर ये भी समझाया कि जिस वार्ड से तुमने देखा है ये सपना? उस वार्ड में नहीं है तुम्हारा कोई भी अपना? बता दिया तुम मन को रखो साफ और जो कृपा मिली है उसी से चलाना अब काम? अगर हमारी बात लगे झूठ तो एक बार पहले वाले दस नामितों से लेना पूछ? क्या उनमें से किसी को मिला है टिकट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** गागर में सागर भरने वाले अपनी पोस्ट से कुछ तो दे रहे हैं संदेश? आखिर उन्हें क्या आ रही है जंगल के नये राजा की कहानी याद? क्या उनकी कहानी को लेकर किसी ने सुना दी है कोई पुरानी कहावत? उन्हें कहानी याद आयी है और किसी को खट्टे अंगूर की कहावत याद आ रही है? कहने वाले ने कहा कि अपने अपने शब्द हैं और अपने अपने भाव हैं? वरना लाईन पार वाले गागर जी बहुत ही लाजवाब हैं? फिलहाल उनका दिल किसी बात को लेकर उदास है?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अभी शांत नहीं हुई है भगवा नारी शक्ति के बीच छिड़ी जुबानी जंग? कहने वाले ने कहा कि अभी आने वाले समय में आयेगा और भी रंग? कहने वाले ने कहा कि लेडी जंग में क्या हो गयी है देवतुल्यों की भी एक लॉबी तैयार? क्या अभी हो सकती है फिर किसी मौके पर कोई तकरार? क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर हाईकमान ने नहीं लिया टाईम पर कोई एक्शन? फिर दिखाई देगा किसी भी कार्यक्रम में हाई वोल्टेज रिएक्शन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम मुख्यालय से बाहर निकलकर भगवा पार्षद ने ही कसा अपनी सरकार, अपना सदन और अपनी व्यवस्था को लेकर तंज? उसने कहा सारी टेंशन हमें लेनी है और विपक्ष के पार्षदों को नहीं है कोई रंज? हमारी सरकार में मिला है हमें ये गिफ्ट? हमारे वार्ड में हो गया है विकास होल्ड? यही है चौधरी जी के वार्ड से लेकर लाला जी के वार्ड तक विकास का ट्विस्ट? विपक्ष वालों के वार्ड में विकास दौड़ रहा है? फूल वालों के वार्ड में विकास सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर वाली कार्यकारिणी में ये हुआ बाईचांस या है कोई नया संयोग? भगवा सिंघल का नाम महानगर मंत्री वाली लिस्ट में भी था सबसे अंतिम पायदान पर? महानगर वाली कार्यकारिणी में भी दिख रहा है उनका नाम सबसे नीचे वाली लाईन पर? क्या महानगर संगठन देना चाहता है उन्हें कोई संदेश? या फिर लखनऊ वालों ने मान लिया है उन्हें सबसे नीचे वाली लाईन का फेस?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# स्नैचिंग पर लगाम लगाने में फेल चौकी प्रभारियों पर गिरी गाज

## 1 दरोगा सस्पेंड, 5 लाइन हाजिर से पुलिस कमिश्नरेट में मचा हड़कंप

### डीसीपी धवल जयसवाल बोले अपराध नियंत्रण पर रहेगा फोकस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में बढ़ती चेन स्नैचिंग और झपटमारी की वारदातों ने पुलिस कमिश्नरेट की नींद उड़ा दी है। अपराधियों पर लगाम कसने में नाकाम साबित हो रहे चौकी प्रभारियों के खिलाफ अब सख्त एक्शन शुरू हो गया है।

डीसीपी सिटी-ट्रांस हिंडन के निर्देश पर हुई इस बड़ी कार्रवाई में एक चौकी प्रभारी को सस्पेंड कर दिया गया, जबकि पांच को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इस मामले में ट्रांस हिंडन जोन के वैशाली चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह पर सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया गया है। वहीं नीतिखंड चौकी प्रभारी नागेंद्र अत्री और वसुंधरा प्रभारी अंकित को लाइन भेज दिया गया है।

इसी के साथ सिटी जोन में भी कड़ा कदम उठाते हुए दूधिया पीपल चौकी प्रभारी संदीप कुमार, मोरटा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह और सेक्टर-23 हल्का प्रभारी प्रशांत रावत को लाइन हाजिर किया गया है।

वहीं बताया जा रहा है कि मोरटा, सेक्टर-23, नीतिखंड और दूधिया पीपल जैसे इलाकों में लगातार हो रही झपटमारी और चेन स्नैचिंग की घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए थे। हाल ही में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक और जूम मीटिंग में अधिकारियों ने साफ तौर पर नाराजगी जताई थी, जिसके बाद यह सख्त कदम उठाया गया। सूत्रों के मुताबिक, कुछ चौकी प्रभारियों पर स्थानीय स्तर पर संदिग्ध गतिविधियों और मिलीभगत के आरोप भी लगे हैं। सिटी क्षेत्र में एक प्रभारी की ठेकेदार से सेटिंग की चर्चा रही, तो नदियापार क्षेत्र में भी एक प्रभारी पर अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप सामने आए हैं।

### डीसीपी का दो टूक संदेश, क्राइम कंट्रोल पर लापरवाही नहीं चलेगी



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट में डीसीपी धवल जयसवाल ने दो टूक संदेश दिया है कि कानून व्यवस्था से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने और क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने संकेत साफ हैं कि यह कार्रवाई अभी शुरूआत है। आने वाले दिनों में और भी लापरवाह पुलिसकर्मी रडार पर आ सकते हैं। फिलहाल इस बड़े एक्शन के बाद पूरे गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में खलबली मची हुई है और अपराधियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है।

### गर्मी बढ़ी तो स्नेचिंग से बढ़ी पुलिस की टेंशन



**करंट क्राइम :** कमिश्नरेट में भीषण गर्मी के साथ ही शहर में क्राइम का ग्राफ एक बार फिर चिंता बढ़ाने लगा है। खासतौर पर स्नेचिंग और सड़क अपराधों में इजाफा होने की आशंका के चलते पुलिस कमिश्नर के सामने चुनौती और बड़ी हो गई है। हर साल गर्मी के मौसम में अपराधियों की सक्रियता बढ़ती है, जिससे पुलिस पर दबाव भी बढ़ जाता है। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट लगातार सख्त कार्रवाई करता रहा है, लेकिन आने वाले दिनों को देखते हुए और ज्यादा चौकसी की जरूरत महसूस की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस अब चेकिंग अभियान, गश्त और संदिग्धों पर निगरानी और तेज करने की तैयारी में है, ताकि अपराधियों पर लगाम कसी जा सके और आम जनता को राहत मिल सके।

# बंगाल में बदलाव का माहौल, जनता भाजपा के साथ : रुचि गर्ग



**गाजियाबाद/बशीरहाट।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री रुचि गर्ग 10 अप्रैल 2026 से पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अभियान के तहत बशीरहाट जिले में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय हैं। संगठन के निदेशानुसार वह सात विधानसभा क्षेत्रों में लगातार प्रवास कर जनसंपर्क, कार्यकर्ता बैठकें, महिला सम्मेलन, शक्ति केंद्र संवाद और घर-घर संपर्क अभियान को गति दे रही हैं।

रुचि गर्ग ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब परिवर्तन का मन बना चुकी है। राज्य में कानून व्यवस्था कमजोर हुई है, महिलाओं की सुरक्षा चिंता का विषय है और भ्रष्टाचार ने व्यवस्था को प्रभावित किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने युवाओं, किसानों और गरीबों को अपेक्षित अवसर नहीं दिए, जबकि केंद्र की योजनाओं का लाभ भी सही ढंग से जनता तक नहीं पहुंच पाया। उन्होंने बताया कि संदेशखाली जैसे क्षेत्रों में लोगों में भय और पीड़ा स्पष्ट दिखाई देती है। प्रचार के दौरान एक 12 वर्षीय बच्ची का हाथ पकड़कर यह कहना कि ह्नआप हमें बचाने आई हैंह्न, उनके लिए बेहद भावुक और चिंताजनक क्षण था।



रुचि गर्ग ने विश्वास जताया कि भाजपा ही बंगाल को हिंसा, भ्रष्टाचार और कुशासन से मुक्ति दिला सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम छू रहा है और बंगाल भी उसी दिशा में आगे बढ़ना चाहता है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव नजदीक आते ही प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग और विपक्ष पर दबाव बढ़ रहा है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता लोकतंत्र की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से जुटे हैं। बशीरहाट में उनके प्रवास के दौरान कार्यकताओं, महिलाओं और युवाओं में व्यापक उत्साह देखने को मिल रहा है।

# भाजपा ने महिला आरक्षण के विरुद्ध विपक्ष के षड्यंत्र को लेकर 'जन आक्रोश' अभियान शुरू किया



**लोनी करंट क्राइम।** सोमवार को लोनी पावी मे स्थिति कारवां बैंकट हॉल मे भाजपा ने महिला आरक्षण बिल के खिलाफ षणयंत्र करने पर जन आक्रोश अभियान शुरू किया।जिसका आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल चौधरी की अध्यक्षता मे शुरू किया गया जिसमे मुख्य अतिथि एंव वक्ता के तौर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष श्री सतेंद्र शिशौदिया जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर उपस्थित रहे ।जिसका शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रो पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया जिसमे मुख्य वक्ता सतेंद्र शिशौदिया ने अपना संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा ऐतिहासिक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित किए जाने के बावजूद, विपक्षी दलों द्वारा इसमें पैदा की जा रही बाधाओं और राजनीति के विरोध में आज भारतीय जनता पार्टी ने 'जन आक्रोश अभियान' का बिगुल फूंक दिया है। इस अभियान के तहत आज भाजपा कार्यकर्ताओं और हजारों की संख्या में जुटी महिलाओं ने स्पष्ट कहा है कि दशकों तक महिला बिल को लटकाने वाले दल आज भी परिसीमन और अन्य तकनीकी कारणों का बहाना बनाकर देश की आधी आबादी को उनके हक से वंचित रखना चाहते हैं।

प्रेस को संबोधित करते हुए क्षेत्रिय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33% आरक्षण देकर उन्हें उनका वास्तविक अधिकार सुनिश्चित किया है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल अपनी संकीर्ण मानसिकता के कारण इस प्रक्रिया में रोड़े अटका रहे हैं। जनता का यह आक्रोश उन शक्तियों के खिलाफ है जो महिला सशक्तिकरण के मार्ग में बाधक बनी हुई हैं। भाजपा चुप नहीं बैठेगी और गांव-गांव जाकर विपक्ष के इस महिला-विरोधी चेहरे को बेनकाब करेंगे इसी क्रम ते मातृशक्ति ने मिलकर घोर महिला विरोधी सपा मुखिया अखिलेश यादव का पुतला दहन किया

वही मुख्य अतिथि अंतुल तेवतिया ने कहा कि भाजपा का यह 'जन आक्रोश अभियान' तब तक जारी रहेगा जब तक महिला सशक्तिकरण की इस यात्रा को रोकने वाली ताकतों को जनता करारा जवाब नहीं दे देती।

इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिलामंत्री तीशा गोस्वामी,रुद्रामिनी गिरी,सीमा सैनी सहित भारी संख्या मे मातृशक्ति और जिला,मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नोएडा पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर-24 पुलिस ने एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल और अवैध शस्त्र बरामद किए हैं।


थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टी-ब्लॉक, सेक्टर-11 से दिव्याशु शुक्ला, अभिषेक थापा, आशीष शर्मा और सागर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से तीन चोरी की मोटरसाइकिल और चार अवैध चाकू बरामद हुए हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गिरोह बनाकर पहले रेकी करते थे और फिर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें सस्ते दामों पर बेच देते थे। चोरी से मिली रकम को आपस में बांटकर खर्च कर देते थे। पकड़े जाने से बचने के लिए वे अपने पास अवैध चाकू भी रखते थे।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक मामलों में करीब पांच मुकदमे दर्ज हैं। उनके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# साइबर अपराधियों ने बुर्जुग को 16 दिनों तक किया डिजिटल अरेस्ट

## 85 लाख की ठगी



**नोएडा (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में मनी लांड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी देकर एक 84 वर्षीय बुजुर्ग को 16 दिनों तक साइबर अपराधियों ने डिजिटल अरेस्ट कर उनसे 85 लाख रुपये की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी विजय राणा ने सोमवार को बताया कि बीती रात को केंद्रीय विहार सेक्टर 51 निवासी धीरेंद्र कुमार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्हें 8 अप्रैल को एक फोन आया। फोन करने वाले ने उनसे कहा कि आपका आधार कार्ड का इस्तेमाल करके 16 जनवरी को एक मोबाइल फोन खरीदा गया है।

उस फोन का गलत कामों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। नोएडा में 566 रिक्रूट आरक्षियों की भव्य पासिंग आउट परेड, सीपी ने दिलाई कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ये भी पढ़ें नोएडा में 566 रिक्रूट आरक्षियों की भव्य पासिंग आउट परेड, सीपी ने दिलाई कर्तव्यनिष्ठा की शपथ इस काल पर उसके बाद साइबर सेल वालों ने संदीप दीवान और प्रवीण कुमार नामक दो आदमी से बात करवाई। उन्होंने कहा कि दोनों बेंगलुरु के साइबर क्राइम थाने से बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपके मोबाइल का गलत इस्तेमाल हुआ है। इसलिए उन पर केस किया गया है तथा इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। उन्होंने एक एफआईआर का नंबर भी बताया। उन्होंने कहा कि आप पर मनी मनी लॉन्ड्रिंग और बच्चों की तस्करी में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने बताया कि आरोपितों ने उन्हें आठ अप्रैल को डिजिटल अरेस्ट कर लिया तथा उनसे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जांच के लिए सीबीआई अधिकारियों के कमेटी बनाई है। उन्हे धमकाया गया कि उन्हें हथकड़ी लगाई जाएगी। उनके फ्लैट और उनकी रकम जब्त कर ली जाएगी। इसी बीच सीबीआई एसपी प्रवीण कुमार को इस मामले को सौंपा दिया गया है। पीड़ित के अनुसार उन्होंने उन्हें डिजिटल अरेस्ट रखते हुए ऑनलाइन पूछताछ की। उनके अकाउंट की जानकारी ली। पता किया कि किस अकाउंट में कितनी रकम है। पीड़ित के अनुसार उनकी सभी एफडी और सेविंग को एक बैंक में मर्ज करने के लिए कहा गया, तथा उनसे विभिन्न बार में 85 लाख रुपया आरोपितों ने अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया।

उनसे कहा गया की जांच के दौरान अगर आप सही पाए जाओगे तो आपकी रकम को वापस कर दिया जाएगा। पीड़ित के अनुसार आखिरी बार कथित सीबीआई के एसपी ने उनसे 22 अप्रैल को बात की। उन्होंने सीबीआई का एक वेरीफिकेशन लेटर दिखाया, जिसमें कहा गया कि वह भी एक सस्पेक्ट है। इसके अलावा उन्होंने हथकड़ी लगाने और प्रॉपर्टी जप्त होने से बचाने के लिए एक करोड़ 24 लाख रुपये जमा करने के लिए कहा। पीड़ित ने जब कहा कि उसके पास इतने पैसे नहीं है तो उन्हें तथा उनकी पत्नी को गिरफ्तार करने की धमकी दी गई। पीड़ित के अनुसार उन्हें शक हुआ तथा उन्होंने बीती रात को इस मामले में साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# नोएडा फैक्ट्री हादसे में झुलसे कर्मचारी की मौत, कंपनी पर केस दर्ज



**नोएडा ।** ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक- प्रथम क्षेत्र स्थित एक कंपनी में हुए हादसे में झुलसे कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम भनेड़ा (गाजियाबाद) निवासी संचित त्यागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके चाचा प्रदीप कुमार पिछले करीब चार वर्षों से डीएफएम फूड्स लिमिटेड कंपनी में फीटर के पद पर कार्यरत थे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कंपनी में मशीनें खराब थीं, जिसकी जानकारी पहले ही प्रबंधन को दी गई थी। आशंका जताई गई थी कि समय रहते सुधार न होने पर बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन प्रबंधन ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

बताया गया कि 17 अप्रैल को काम के दौरान मशीन में आग लगने से प्रदीप कुमार समेत पांच कर्मचारी बुरी तरह झुलस गए। सभी को इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 26 अप्रैल की रात प्रदीप कुमार की मौत हो गई, जबकि अन्य चार कर्मचारियों का इलाज जारी है।

पुलिस आयुक्त ग्रेटर नोएडा डॉ. प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर कंपनी के मालिकों और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा में अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई हजारों लीटर शराब नष्ट



**नोएडा।** नोएडा में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर शराब को नष्ट कर दिया। थाना सेक्टर-142 पुलिस ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की, जिसमें आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज 64 मामलों से जुड़ी अवैध शराब को पूरी प्रक्रिया के साथ नष्ट किया गया। जानकारी के अनुसार, इस कार्रवाई के दौरान कुल लगभग 3371 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, 323 लीटर अवैध बीयर और 406 लीटर अवैध देशी शराब को नष्ट किया गया। यह सभी शराब पिछले वर्षों 2022 से 2024 के बीच दर्ज विभिन्न मामलों में जब्त की गई थी। लंबे समय से यह माल थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया था, जिसे अब कोर्ट के निदेशानुसार नष्ट कर दिया गया।

इस अभियान को पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार चलाए जा रहे माल निरस्तीकरण अभियान के तहत अंजाम दिया गया।

कार्रवाई पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा और अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। साथ ही सहायक पुलिस आयुक्त सेंट्रल नोएडा तृतीय, थाना सेक्टर-142 के प्रभारी निरीक्षक और आबकारी निरीक्षक गौतमबुद्धनगर की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूरा किया गया। अवैध शराब को नष्ट करने के लिए जेसीबी मशीन की मदद से गड्ढा खोदा गया, जिसमें शराब की बोतलों को तोड़कर मिट्टी में दबा दिया गया।